


# झमाझम बारिश ने दिलायी उमसभरी गर्मी से राहत

## बारिश के दौरान रानीबाजार-त्रिलोकपुर मार्ग पर पेड़ की टहनी गिरने से काफी देर तक बाधित रहा आवागमन

**मानसून मेहरबान**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रविवार को दोपहर बाद आसमान पर उमड़े बादलों ने आखिरकार शहर व ग्रामीण इलाकों के लोगों के मन की मुराद पूरी कर दी। हालांकि शहर में जोरदार बारिश तो नहीं हुई पर सुबह से रही उमस बारिश के बाद दूर हो गयी। किसानों के चेहरों पर छाई मायूसी कुछ हद तक दूर हुई। मौसम विभाग ने तेज बारिश के आसार जताए हैं।

रविवार की दोपहर बारिश हुई। रविवार होने की वजह से हर किसी ने बदले मौसम का मजा लिया। उधर ग्रामीण इलाकों में भी कहीं कम तो कहीं झमाझम बारिश हुई। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, तहसील क्षेत्र में अचानक शुरू हुई झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिली। रविवार सुबह से बादलों की लुका छुपी के बाद दोपहर में एकाएक काले बादल छाए और बरसात शुरू हो गयी। करीब दो घण्टे तक जोरदार बारिश के चलते मार्गों पर जलभराव हो गया।

रामनगर के कृषक सूर्यभान ने बताया कि बारिश ठीक हुई है हालांकि यह काफी नही है। इसके बावजूद रोपाई को थोड़ा सहारा मिल जाएगा। बारिश के दौरान रानीबाजार त्रिलोकपुर मार्ग पर पेड़ की टहनी गिर जाने से काफी देर तक आवागमन भी बाधित रहा। बारिश के समय विद्युत आपूर्ति भी ठप रही।


रामनगर में झमाझम बारिश के दौरान गुजरता बाइक सवार। अमृत विचार


त्रिलोकपुर-रानी बाजार मार्ग पर गिरी पेड़ की टहनी। अमृत विचार

# बढ़ने लगा सरयू नदी का जलस्तर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सरयू नदी के तीखे तेवर से अंजान अफसर फिलहाल हालात सामान्य बता रहे जबकि नेपाल में हुई बारिश के बाद नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। हालांकि जिला प्रशासन अपनी तैयारियां पूरी होने का दावा कर रहा है।

बीते एक दशक से भी अधिक समय से सरयू नदी के तेवर चौंकाते आए हैं। बताया जाता है कि हर साल बाढ़ की वजह नेपाल में गिरिजा व शारदा बैराज से छोड़ा गया पानी ही बनता है और वर्तमान में नदी में जिस तरह का बहाव देखा जा रहा, उससे साफ है कि नेपाल ने नदी में पानी छोड़ा है और अभी आगे भी बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाएगा। एसडीएम रामसनेहीघाट अनुराग सिंह ने बताया कि क्षेत्र में स्थिति सामान्य है। वहीं एसडीएम रामनगर ने कहा कि सारी तैयारियां पूरी हैं।


बड़नपुर में जलमग्न पुल से निकलते लोग। अमृत विचार


उफनाई सरयू नदी। अमृत विचार

**बाढ़ की मध्यम शुरुआत :** रामनगर की ग्राम पंचायत बड़नपुर में डीपू मोहल्ला स्थित बांध के पास सरयू नदी का पानी तेजी से आ रहा है। ग्रामीणों द्वारा लकड़ी और मिट्टी से बनाया गया पुल जलमग्न हो गया है। मंशाराम, मायाराम व विनोद ने बताया कि लोगों को पानी के अंदर से होकर गुजरना पड़ रहा है। फिर भी यहां पक्का पुल नहीं बनाया गया। बहराइच जिले के बहरामपुर, पुजारी पुरवा, गोड़ियान, नियामतपुर और शहीद सहित कई ग्राम पंचायतों के लोग इसी मार्ग से गणेशपुर जाते हैं।

**स्वास्थ्य सेवाएं सक्रिय होने का दावा :** सूरतगंज प्रतिनिधि के अनुसार हेतमापुर उपकेंद्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है। यहां हर साल सरयू नदी बाढ़ के दिनों में तबाही मचाती है। वहीं संभावित बाढ़ को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह अलर्ट हो गया है। विभाग ने प्रभावित होने वाले गांव सरसंडा, बतनेरा, अकौना, पर्वतपुर और बल्लोपुर का सर्वे किया है। यहां 12625 जनसंख्या प्रभावित होती है। सूरतगंज सीएचसी से तैयार की गई इस रिपोर्ट को अधीक्षक ने मुख्य चिकित्साधिकारी और जिलाधिकारी को भेज दिया है।

उधर अधीक्षक डा. राजर्षी त्रिपाठी ने बताया कि बाढ़ की तैयारी पूरी कर ली गई है। पांच गांव में 15 आशा के साथ 11 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। सभी को गर्भवती महिलाओं के ध्यान रखने के निर्देश दिए गए है।

## एक नजर

### सार्वजनिक स्थान पर दांव आजमाते चार गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे अजय कुमार, पवन कुमार, रामदयाल व एजाजुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़, जामातलाशी के कुल 3,390 रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद चारो आरोपियों को जेल भेज दिया।

### चाकू व अवैध शराब के साथ दो आरोपी पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने मो. रेहान को गिरफ्तार कर इसके पास से एक अवैध चाकू बरामद किया। इसी थाना पुलिस ने लक्ष्मण लाल को गिरफ्तार कर उसके पास से 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की।

### चार जोड़े फिर एक साथ रहने को हुए राजी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला थाना प्रभारी, महिला परामर्श केन्द्र की काउंसिलिंग के बाद तीन दम्पति एक साथ रहने को राजी हो गए। उधर, कोठी पुलिस ने एक वर्ष पूर्व से अलग रह रहे एक दंपति को फिर से मिलवा दिया। चौकी इंचार्ज फिरोज खान ने दोनों पक्षों को कैसरगंज पुलिस चौकी बुलाकर समझाया।




## सार-संक्षेप

### बच्चों की प्रस्तुति ने दिल को छुआ : मुस्तफा खां



कार्यक्रम को संबोधित करते मुस्तफा खां। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एजुकेशनल सेमिनार एवं प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी का एक यादगार माहौल रविवार को दरियाबाद के अलियाबाद चौराहे पर देखने को मिला। जहां उड़ान समर फ्री कैंप की कामयाबी के बाद प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 15 से अधिक मदरसों, स्कूलों, कोचिंग सेंटरों और मक्तबों से तालीम हासिल कर रहे बच्चों को सम्मानित किया गया। बतौर अतिथि शामिल हुए विभिन्न क्षेत्रों की शख्सियतों ने बच्चों और उनके अभिभावकों की हौसला अफजाई की। अतिथि के रूप में मौजूद विकास भवन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खां ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति ने दिल को छू लिया। आयोजक शान मोहम्मद शानू, शहाब खालिद, मास्टर रेहान अहमद, मौलाना अख्तर नदवी व उनकी टीम की मेहनत और सोच काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने इससे पहले 20 दिनों तक चलाए गए उड़ान समर फ्री कैंप में बच्चों को शिक्षा, व्यक्तित्व विकास से जोड़ने का अथक प्रयास किया। कार्यक्रम में मौजूद अन्य अतिथियों ने विचार प्रकट किये।

### सपा के पूर्व जिला सचिव वीरेंद्र सहित कई ने ली सदस्यता


वीरेंद्र वर्मा को सदस्यता दिलाते इं. जयदीप सिंह। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रविवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह की मौजूदगी में संगठन को नई ऊर्जा मिली जब बेनी बाबू के करीबी रहे सपा के पूर्व जिला सचिव वीरेंद्र वर्मा ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ भोलू महाराज, जलील अहमद (सद्दीपुर), संतोष कश्यप, अजय वर्मा, सनी और अंकित ने भी सदस्यता ली। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, उपाध्यक्ष मोनू त्रिवेदी, पुरुषोत्तम टंडन, अरुण रावत, कोषाध्यक्ष मयंक गुप्ता, विधिक सलाहकार ऋषि कालरा, संगठन मंत्री रामशरण गुप्ता, शहर अध्यक्ष मन्नू, महामंत्री मुकेश त्रिवेदी, उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता, आशीष गुप्ता, संगठन मंत्री संतोष कश्यप (पेड़ा), मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा और राहुल कनौजिया सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष इंजीनियर जयदीप सिंह ने कहा कि संगठन व्यापारियों और समाज के हर वर्ग के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करता रहेगा।

### 14 एग्रीजंक्शन स्थापित कराये जाने का लक्ष्य

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले में वर्ष 2025-26 के लिए 14 एग्रीजंक्शन स्थापित किए जाएंगे। उप कृषि निदेशक धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय समिति ने विकास खंड बंकी को छोड़कर सभी विकास खंडों में एक-एक एग्रीजंक्शन स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए कृषि विभाग के पोर्टल पर 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से कम होनी चाहिए। पात्रता में कृषि स्नातक, कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक या संबंधित विषयों में स्नातक शामिल हैं। ये विषय उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा और मुर्गी पालन हैं। डिग्री आईसीएआर या यूजीसी से मान्यता प्राप्त संस्थान से होनी चाहिए। योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने पर अनुभवी डिप्लोमाधारी या कृषि विषय में इंटरमीडिएट पास अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला उम्मीदवारों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी गई है। चयन में समान योग्यता वाले उम्मीदवारों में बड़ी आयु वालों को प्राथमिकता दी जाएगी। आयु की गणना 27 मई के आधार पर की जाएगी।

### मार्ग पर भरा नालियों का गंदा पानी


सड़क पर भरा नाली का पानी।

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कचहेरान-2 मोहल्ले में लालादास मंदिर के पीछे स्थित मार्ग पर नालियों का पानी भर गया है। इससे स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इंद्र कुमार और राकेश कुमार के घरों के सामने जलभराव की स्थिति है। गंदा पानी नहीं निकल पा रहा है। इससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। गंदगी से बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों ने कई बार अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है। लेकिन समाधान नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से गंदे पानी की निकासी की मांग की है। देवा की अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं थी। उन्होंने तत्काल जल निकासी बहाल कराने का आश्वासन दिया है।

### दहेज न मिलने पर ससुराल से विवाहिता को भगाया

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** दहेज में दो लाख नकद व बाइक न मिलने पर विवाहिता को घर से भगा दिया गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सास-ससुर व पति पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। ठाकुरद्वारा के रहने वाले सगीर की पुत्री शाहीन बानो का निकाह 20 अक्टूबर 2020 को सुभाष वार्ड निवासी असगर अली के पुत्र आलम अली से हुआ था। पीड़िता शाहीन बानो ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसे कम दहेज मिलने को लेकर प्रताड़ित किया जाता रहा। ससुर असगर अली व सास चांदबानो ने 23 दिसंबर की रात उसे भगा दिया। कहा कि 2 लाख नकद व बाइक मिलेगी तभी ससुराल आना। तहरीर मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने पति आलम अली, ससुर असगर अली व सास चांद बानो के खिलाफ दहेज एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# दो घरों से लाखों का माल समेट ले गए चोर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जहांगीराबाद क्षेत्र में शनिवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाया। चोर इन घरों से लाखों की कीमत के जेवरात और नकदी उठा ले गए।

जानकारी के अनुसार, चोरी की दोनों घटनाएं ग्राम गनौरा में हुईं। यहां के रहने वाले मोहम्मद इदरीस के घर में चोर पीछे के रास्ते से सीढ़ी लगाकर छत पर चढ़े और जीने के रास्ते घर में घुसे। कमरे में गए चोरों ने बक्से में रखे कीमती जेवरात व नकदी चोरी कर ली। चोरी गए सामान में सोने की झुमकी, चेन, टीका, अंगूठी, चार चूड़ियां, चांदी की जंजीर, लगभग 150 ग्राम सोना व करीब 82 हजार रुपये नकद शामिल हैं। इदरीस के अनुसार चोर लड़की की शादी के लिए लाए गए जेवर ले गए। इसके बाद इसी गांव के मोहम्मद शकील के घर पर चोरों ने धावा बोला। चोर यहां से करीब 40 हजार रुपये नकद और लगभग 250 ग्राम चांदी के जेवरात समेत एक तोला सोने की झुमकी, चेन और टीका चोरी कर ले गए। घटना की सूचना परिजनों को रविवार की सुबह उठने पर हुई, जब उन्होंने घर का सामान बिखरा देखा। पीड़ितों ने बताया कि दोनों घरों में लोग गहरी नींद में थे, जिसका फायदा उठाकर चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। सुबह होते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

### घर से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गोसुपुर में चोरों ने एक घर से लाखों के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। गोसूपुर गांव निवासी रामकिशोर का घर लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित है। शनिवार की देर रात चोर दीवार के सहारे छत पर चढ़ गए और आंगन में उतरकर कमरों के ताले तोड़ डाले। चोर आलमारी व बक्सों में रखे 3 लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात व 43 हजार की नकदी उठा ले गए। गर्मी के चलते परिजन खुले स्थान पर सो रहे थे। घटना की जानकारी परिजनों को रविवार की सुबह हुई। पुलिस को घटना की तहरीर दी गई, जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार की रात एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। ग्राम अगानपुर के पुरवा निवासी 22 वर्षीय लाले उर्फ फरुहा पुत्र परशुराम शनिवार की देर रात गांव के निकट स्थित एक तालाब के पास शौच के लिए गया था। पैर फिसल जाने के चलते वह तालाब के गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी समय तक जब लाले घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। इस दौरान तालाब में उसे पड़ा देखा गया। परिजन आनन फानन में उसे सीएचसी रामनगर ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

# शिक्षिका से दुर्व्यवहार पर हेडमास्टर निलंबित

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रनापुर प्राथमिक विद्यालय की दिव्यांग शिक्षिका के मानसिक उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार के मामले में शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। शिकायत के बाद हुई जांच में आरोप की पुष्टि होने पर प्रधानाध्यापिका निरुपमा मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है।

विद्यालय में तैनात दिव्यांग शिक्षिका दिव्या शुक्ला समेत अन्य शिक्षकों ने बाकायदा शपथ पत्र देकर आरोप लगाया था कि उन्हें बार-बार दिव्यांग जैसे अपमानजनक शब्द कहे गए और मानसिक प्रताड़ना दी गई। उन्होंने इस संबंध में उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित जांच समिति में शामिल क्षेत्र के बीईओ ने जांच की। जांच रिपोर्ट में प्रधानाध्यापिका निरुपमा मिश्रा के विरुद्ध आरोपों को सत्य पाया गया। फिलहाल मामले की विभागीय जांच जारी है। आलम यह कि इस प्रकरण ने शासन स्तर तक हलचल मचा दी थी, लगातार पत्राचार हो रहा था। गत 20 जून को शासन ने प्रकरण में कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडेय ने बताया कि प्रधानाध्यापिका निरुपमा मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रविवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह- तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं। वहीं घटना का कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दतौली निवासी रामसमुझ का 25 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार शनिवार रात घर में सो गया था। रविवार की सुबह परिजनों ने छप्पर के नीचे लकडी से बंधी रस्सी में विनोद का शव लटकते देखा तो घर में हाहाकार मच गया। मौके पर युवक के पैर जमीन से स्पर्श करते मिले। जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। इसकी जानकारी परिजनों को रविवार की सुबह हुई।

ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार शाम से ही युवक घर में घरेलू कलह चल रही थी, वहीं मारपीट भी हुई थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह का पता चल सकेगा।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** डलईपुरवा मजरे बिरौली में शनिवार की मध्य रात एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार घटना थाना क्षेत्र के ग्राम डलईपुरवा मजरे बिरौली की है। गांव के निवासी 40 वर्षीय रामूपाल पुत्र ब्रजलाल पाल शनिवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे शौच के लिए रेलवे लाइन की ओर गया था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से रामू की मौत हो गयी। उसके परिवार में 16 वर्षीय पुत्र सचिन व 14 वर्षीया पुत्री शालिनी व पत्नी सियारानी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# महंगाई से जनता त्रस्त : विधायक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खंड बंकी के ग्राम मुनीमाबाद, सनेही पुरवा, मसूदपुर और मोहम्मदपुर में क्षेत्र पंचायत निधि से बनी इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के शासनकाल में सरकारी नौकरियों में धांधली, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है, जिससे आम जनता त्रस्त है। विधायक धर्मराज ने कहा कि पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है और प्रशासन पूरी तरह से राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है। गरीबों और असहायों की शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोगों में गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम की शुरुआत गांव के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों फीता कटवाकर की गई। इस मौके पर से प्रधान गुलशन यादव, बीडीसी धर्मेंद्र राज, बीडीसी प्रवीण यादव, जिलाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी संदीप प्रजापति, बाबुल मिश्रा, विश्राम यादव, देश राज प्रजापति, शिवकुमार यादव, प्रधान रमेश यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।


लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद विधायक सुरेश यादव। अमृत विचार

**बलिदान दिवस** ग्राम पंचायत रहरामऊ के मजरे भग्गापुरवा में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# डॉ. मुखर्जी ने दी थी राष्ट्रीय एकता को नई दिशा

संवाददाता, मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत रहरामऊ के मजरे भग्गापुरवा में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सामूहिक रूप से सुना गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष दर्जे का विरोध किया और भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रीय एकता को नई दिशा दी। उन्होंने बताया कि 1953 में आज ही के दिन श्रीनगर की एक जेल में उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी।


पौधरोपण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत। अमृत विचार

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल वर्मा एवं हिमांशु पटेल ने अपनी मां, ग्राम प्रधान उर्मिला वर्मा के नाम पर चीकू का पौधा रोपित किया। इस कार्यक्रम में जिपं सदस्य रामसिंह उर्फ भुल्लन वर्मा, ग्राम प्रधान उर्मिला रावत, नितिन मौर्य, डा. सुधाकर सोनी, बलराज वर्मा, रामविलास यादव, सुरेश मिस्त्री, ठाकुर ब्रजराज सिंह, मुनेजर रावत, ब्रजेश मौर्य, रूपलाल राहुल, राम सुमेर, ओमकार सिंह वर्मा, सुखमीलाल, कैलाश वर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और मन की बात सुनी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।


बैठक में मौजूद किसान नेता। अमृत विचार

### भाकियू (भदौरिया) के राष्ट्रीय महासचिव बने दीपू अवस्थी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (भदौरिया) के केंद्रीय कार्यालय, शिव मंदिर गणेशपुर बहराम घाट पर बैठक हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से दीपू अवस्थी, निवासी गणेशपुर को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। वहीं मंसूर आलम को ग्राम अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा गणेशपुर के पद पर मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय मुख्य सचिव कृष्ण पाल शर्मा दीक्षित ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सलाहकार रमेश गुप्ता उर्फ जहाजी काका, राष्ट्रीय सलाहकार महादेव प्रसाद अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राम सिंह रावत, प्रदेश प्रभारी अनुसूचित मोर्चा रामानंद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष बाराबंकी युवा अनुसूचित मोर्चा भोला रावत, और मंडल सचिन युवा अयोध्या प्रद्युम्न विश्वकर्मा समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिले के 66 पीएचसी पर लगा जन आरोग्य मेला

## कई केंद्रों पर चिकित्सकों की मौजूदगी में मरीजों को मिला उपचार, कुछ केंद्रों पर फार्मासिस्ट के भरोसे रही व्यवस्था

अमृत विचार टीम, सीतापुर



लहरपुर में आयोजित शिविर के दौरान मरीज को परामर्श देते चिकित्सक।

**अमृत विचारः** जनपद के 66 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। ग्रामीणों को इलाज और परामर्श देने के उद्देश्य से लगने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। अधिकांश केंद्रों पर डॉक्टरों की मौजूदगी में जांच व दवा वितरण हुआ, लेकिन कुछ केंद्रों पर डॉक्टरों के न होने से मरीजों को केवल फार्मासिस्ट पर निर्भर रहना पड़ा।

हालांकि, वायरल बुखार और अन्य मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान के साथ-साथ बाढ़ और कटान प्रभावित इलाकों में संक्रमण को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश भी दिए।

**चिकित्सक की कमी बनी बड़ी परेशानी :** लहरपुर के खैरुल्लापुर पीएचसी पर चिकित्सक की मृत्यु के बाद अब तक नई नियुक्ति नहीं हुई है। रविवार को यहां फार्मासिस्ट ने ही 40 मरीजों को दवा दी। जबकि अन्य पीएचसी में डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद ने 57 मरीज, अकबरपुर में डॉ. अख्तर ने 66, ढखेरा में डॉ. तलत जहां ने 56 और बिलरिया में डॉ. आदित्य सिंह ने 61 मरीजों का इलाज किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि कुल 280 मरीजों को देखा गया। उन्होंने बताया कि वायरल बुखार के बढ़ते मामलों को देखते हुए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे और ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**14 तरह की जांचों के साथ उमड़ी भीड़ :** मछरेहटा ब्लॉक के परसदा, लौली, भिठौरा और मधवापुर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि मलेरिया, टायफाइड, डेंगू समेत 14 प्रकार की जांच की गईं। सभी केंद्रों पर सामान्य व संक्रामक रोगों के इलाज की दवाएं उपलब्ध रहीं। उन्होंने बताया कि गंभीर स्थिति में मरीजों को सीएचसी रेफर किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों से स्वच्छता अपनाने और शुद्ध पेयजल के उपयोग की अपील भी की गई।

### मेले के जरिये लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा उपचार

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराई जा रही हैं। सभी 66 पीएचसी पर रविवार को मेला आयोजित किया गया। जिन केंद्रों पर डॉक्टर अनुपस्थित हैं, वहां जल्द नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। वायरल बुखार और संचारी रोगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। सभी अधीक्षकों को विशेष शिविर लगाने व लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

–डॉ. सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

# सड़कों पर लग रही मंडी, राहगीर परेशान

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर



सीएचसी के इर्द-गिर्द लगी फलों की दुकानों से लगता है जाम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर में जगह-जगह हो रहे अतिक्रमण से आमजन का जीवन बेहाल हो गया है। सब्जी और फल विक्रेताओं ने सड़कों को ही बाजार बना डाला है, जिससे आए दिन जाम की समस्या गहराती जा रही है। पैदल चलना तो दूर, एंबुलेंस और स्कूली वाहन तक घंटों फंसे रहते हैं। बावजूद इसके प्रशासन की कार्रवाई सिर्फ निर्देशों तक सीमित है।

महमूदाबाद नगर के प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण इस कदर बढ़ गया है कि लोग रोजाना परेशानी झेलने को मजबूर हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महिला अस्पताल और पावर हाउस गेट के बाहर ठेले, दुकानें और अस्थायी मंडियां लगने से जाम आम हो गया है। आलम यह है कि कई बार मरीजों को लेकर आने वाली एंबुलेंस तक रास्ते में फंस जाती हैं। पैदल चलने वाले लोगों को भी रास्ता नहीं मिलता।

**टैक्सी स्टैंड भी सड़क पर :** महमूदाबाद में टैक्सी स्टैंड भी कागजों पर बताया जाता है। लखनऊ, सिधौली, बिसवां और पैतेपुर मार्गों पर डग्गामार वाहन चालकों ने सड़क किनारे ही स्टैंड बना रखे हैं।

एसडीएम बीके सिंह ने बताया कि नगर में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया गया है। इसी सप्ताह विशेष अभियान चलाया जाएगा ताकि यातायात व्यवस्था को सुधारा जा सके।

## संचारी रोगों पर नकेल को खाका तैयार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर रामपुर मथुरा ब्लॉक परिसर के मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई। इसमें साफ-सफाई, फॉगिंग और दवा छिड़काव जैसे कार्यों की समीक्षा की गई। अध्यक्षता बीडीओ प्रतिभा जायसवाल ने की। बैठक में बताया गया कि ग्राम पंचायतों में जलभराव स्थलों पर ब्लीचिंग और फॉगिंग कराई जा रही है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि बाढ़ से पूर्व प्रमुख आश्रय स्थलों, छोटेलाल बालिका इंटर कॉलेज, डॉ. भीमराव आंबेडकर डिग्री कॉलेज और कस्तूरबा गांधी विद्यालय में साफ-सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है।

# तहसील व ब्लॉक क्षेत्रों में किया गया पौधरोपण

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचारः** जनपद की तहसील और ब्लॉक क्षेत्रों में पौधरोपण का अभियान चला। एक मां के नाम रोपे गए पौधे विभिन्न प्रजातियों के थे। कई स्थानों पर प्रकृति को सुरक्षित और संरक्षित रखने के संदेश भी दिये गए।

**लहरपुर में दिलाया गया संकल्प :** नगर मंडल अध्यक्ष विनीत जायसवाल के नेतृत्व में नगर के 66 बूथों पर विभिन्न प्रजातियों के 10-10 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को रोपित किए गए पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया। नगर मंडल के शक्ति केंद्र टांडा सालार पर प्रधानमंत्री के मन की बात के 123 वें संस्करण को सुना गया। इस मौके पर वीरेंद्र पुरी, देवेश अवस्थी, मनोज गुप्ता, प्रमोद बाजपेई, राजू तिवारी, मनमोहन गुप्ता, बलराम जायसवाल आदि थे।

**बिसवांः** सकरन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मन की बात सुनी गयी। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरगोविंद मौर्य ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया और प्रत्येक बूथ पर 50-50 ऑक्सीजन देने वाले पौधे रोपित किए।

# गौरवशाली इतिहास रहा है पासी समाज काः डॉ. महेश



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित महिलाएं। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचारः** 1857 के स्वाधीनता संग्राम क्रान्ति की वीरांगना उदादेवी पासी ने पूरे भारत वासियों के लिये संघर्ष किया था। उन्होंने 36 अंग्रेजों को मारकर ब्रिटिश हुकूमत को उल्टे पांव भागने पर मजबूर कर दिया। उक्त उदगार महाराजा छीता पासी सेवा संस्थान के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेश प्रसाद राजवंशी ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि पासी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। कार्यक्रम में रमेश चन्द्र निषाद, कामरेड गया प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य अर्जुन लाल बौद्ध, त्रिभवन यादव, डॉ. देश दीपक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक संतकुमार भार्गव ने की। इस दौरान सन्तोष भार्गव ने गौरव काल के संस्मरण साझा किये।

इस अवसर पर एडवोकेट बेचेलाल, प्रधान कढिलेराम, प्रधान भगोती प्रसाद, शिवकुमार राजवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र कुमार, बीडीसी राजेन्द्र भार्गव, जसकरन राजवंशी, प्रधान संतोष राजवंशी, रमेश रावत प्रबन्धक डॉ. रामसेवक, भोलानाथ मास्टर, अवदेश मास्टर, असरफी लाल प्रधान, विजय कुमार, अमित राजवंशी, सूरज राजवंशी, राकेश राजवंशी आदि उपस्थित थे।

## बाघ ने भैंस के बच्चे पर किया हमला

**इमलिया सुल्तानपुर, अमृत विचारः** इमलिया सुल्तानपुर इलाके में एक बार फिर बाघ ने अपनी दहशत फैलाई है। रविवार को सुबह ढोलई खुर्द गांव के पूरब खेतों में बाघ के पगचिह्न देखने को मिले। पुनः क्षेत्र में बाघ की आमद से ग्रामीणों में एक बार फिर दहशत का माहौल बन गया है। हरगांव वन रेंज के ढोलई कला गांव में जानवर चराने गए ग्रामीणों ने बाघ द्वारा भैंस के बच्चे पर हमले का दावा किया गया। हरगांव वन रेंज के ऐलिया गांव निवासी बबलू के हाते में बंधे भैंस के बच्चे पर देर रात जंगली जानवर ने हमला किया। हमले में घायल हुए भैंस के बच्चे की मौत हो गई। वन रेंजर हरगांव बीनू पाल ने बताया कि टीम मौके पर गई थी, जिसमें भैंस के बच्चे पर कंटीले तारों के निशान मिले हैं। नए पगचिन्ह नहीं मिले। वहीं डिप्टी रेंजर मुशीर अहमद ने बताया कि जो पगचिह्न मिले हैं, वो छोटे प्रतीत हो रहे हैं जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार कांबिंग कर रही है।

# मिश्रिख बार एसो. का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

संवाददाता, मिश्रिख, सीतापुर,

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में शुक्रवार को दि मिश्रिख बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान तथा विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चेयरमैन प्रशांत सिंह अटल रहे। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी, महामंत्री अजय पाल सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। एल्डर्स कमेटी के वरिष्ठ अधिवक्ताओं जयप्रकाश मिश्र, श्रीप्रकाश मिश्र, कीर्ति प्रकाश मिश्र, सुरेन्द्र कुमार सिंह एवं राजाराम ने भी शपथ ली। नवगठित कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसेंद्र प्रताप, उपाध्यक्ष मनोज कुमार अवस्थी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार व नंदकिशोर, कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ला, संयुक्त सचिव अरुण कुमार कनौजिया व राकेश कुमार दीक्षित, वरिष्ठ जनरल काउंसिल में हेमराज भारती, गिरीश पाल, देवेंद्र वर्मा, कमल किशोर, अवध किशोर शुक्ला, कनिष्ठ जनरल काउंसिल में रामसेवक, सुभाष चंद्र, नरेंद्र प्रताप सिंह, रामजीवन सिद्धार्थ, महेंद्र वर्मा, आशीष कुमार मिश्र सहित विशेष सहयोगी कार्यकारिणी सदस्यों एमएस सिंह, रामबक्स सिंह, सुरेश कुमार यादव, बृजेश कुमार पांडेय एवं योगेश चंद्र श्रीवास्तव ने भी शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में तहसील मिश्रिख के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## शातिरों ने समेटा 3 लाख का सामान

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचारः** चोरों ने शाहपुर गांव में एक घर को अपना निशाना बनाया। रात के अंधेरे में घुसकर घर में रखी नकदी समेटी, गृहस्थी पर भी हाथ साफ किया। पुलिस को सूचना दे दी गई है। शाहपुर निवासी आशाराम के मुताबिक, देर रात चोरों ने घर में धावा बोल दिया। कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर उसमें रखी अलमारी और बक्से से सोने का हार, कान के झाले, नथुनी, लॉकेट, मांग टीका, एक माला, कमरझाल, चार जोड़ी पायल और 50 हजार की नकदी सहित करीब तीन लाख का सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि गर्मी अधिक होने के कारण पूरा परिवार मकान की छत पर सोया हुआ था। जब परिवार के लोग सुबह सोकर उठे तो कमरे का सामान बिखरा हुआ पाया। एक छोटा खाली बक्सा रामसागर के खेत में पड़ा मिला। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## रजबहा की सफाई न होने से बुवाई प्रभावित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** शारदा सहायक खंड 28 के अंतर्गत आने वाली लिल्हौरा रजवाहा की सफाई न होने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे धान की बुवाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इस समय क्षेत्र में धान की रोपाई जोरों पर है और इसके लिए भरपूर पानी की जरूरत है, मगर नहर की गंदगी और अवरोधों के चलते पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है।

## हादसे में बाइक सवार घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के अजगना गांव के पास रविवार दोपहर हाफ डाला ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक डाला में फंसकर कई मीटर तक घिसटता चला गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उसे लखनऊ रेफर किया गया है। घायल की पहचान कुलदीप उर्फ राघवेंद्र सिंह निवासी गंगापुरवा मजरे अकोरहा तेलवारी थाना रामनगर के रूप में हुई है। कुलदीप सूरतगंज रोड पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे की दुकान चलाते हैं। हादसे के समय वे मोटरसाइकिल से सदीपुर की ओर जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहा हाफ डाला ने कुलदीप की बाइक में टक्कर मार दी।

# नहर में छोड़ा जा रहा क्षमता से कम पानी, संकट में धान रोपाई

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** शारदा सहायक खंड 28 की ब्रांच नहर में बीते दस दिनों से क्षमता से कम पानी छोड़े जाने के कारण किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धान की बुवाई का समय चल रहा है, लेकिन नहरों में पर्याप्त पानी न होने से खेतों की सिचाई मुश्किल हो गई है। किसानों ने नहर में पूरी क्षमता से पानी छोड़े जाने की मांग की है। किसान नवनीत मिश्रा नीलू, शिव वरदान तिवारी समेत कई अन्य किसानों ने बताया कि लगभग दस दिन पूर्व हैदरगढ़ ब्रांच नहर में विभाग द्वारा पानी छोड़ा गया था, लेकिन वह केवल आधी क्षमता का था। इससे अधिकांश रजवाहों और अल्पिकाओं तक पानी पहुंच ही नहीं पा रहा है। किसान मजबूरी में ट्यूबवेल और समर्सिबल से सिंचाई कर रहे हैं, जिससे लागत कई गुना बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यह समय धान की रोपाई का सबसे महत्वपूर्ण दौर होता है। यदि शीघ्र ही नहर में पूरी क्षमता से पानी नहीं छोड़ा गया, तो फसल की रोपाई प्रभावित हो सकती है, जिससे उत्पादन पर भी असर पड़ेगा। किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नहरों में पूरा पानी छोड़ा जाए ताकि खेतों को समय से पानी मिल सके और धान की फसल सुरक्षित रह सके।



सूखी पड़ी ब्रांच नहर। अमृत विचार


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता 17वां(वि०/यां०) वृत्त, लो०नि०वि०, लखनऊ

पत्रांक: 1596/7(1)CBW-17E/M/2025 दिनांक: 24/06/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम श्री राज्यपाल, उ०प्र० की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रतिशत दर के आधार पर **दिनांक 01/07/2025 से दिनांक 15/07/2025** तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा मूल्य जमा करा कर निविदा कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदा दिनांक 15/07/2025 को दोपहर 03:00 बजे तक कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ में प्राप्त की जायेंगी तथा दिनांक 15/07/2025 को अपरान्ह 03:30 बजे कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। यदि दिनांक 15/07/2025 को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

| क्र० सं० | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू० लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी०एस०टी० सहित (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य कराने वाले खण्ड का नाम | सम्बन्धित वृत्त का नाम | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का नाम | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | राजभवन मुख्य भवन के छत पर लगी केबिल ट्रे को कवर करने का कार्य। | 8.42 + 18% जी०एस०टी० | 0.85 | 766.00 | 30 दिन | कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ | अधीक्षण अभियंता, 17वां(वि०/यां०) वृत्त, लो०नि०वि०, लखनऊ | मुख्य अभियंता (वि०/यां०), लो०नि०वि०, लखनऊ | लो0नि0वि0 में "ए" श्रेणी में विद्युत कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदार। |

सामान्य शर्तें:

1- निविदा सम्बन्धित जानकारी दिनांक 14/07/2025 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।

2- टी-1 की सामान्य शर्तें मान्य होंगी। प्रपत्र टी-4, टी-5 एवं टी-6 (मूल में) निर्धारित प्रारूप में संलग्न करना अनिवार्य है।

3- निविदा की वैधता 90 दिन के लिये होगी। निविदा के साथ रू0 100 का नॉन ज्यूडीशियल स्टैम्प पेपर वैधता हेतु लगाना अनिवार्य होगा। वैधता की अवधि में निविदा को वापस नहीं लिया जा सकेगा।

4- सशर्त निविदा अस्वीकृत की जा सकती है।

5- आयकर/जी०एस०टी०/लेबर सेस की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

6- कॉलम सं० 5 मे अंकित धरोहर धनराशि (**Refundable**) जो शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक से निर्गत एफ०डी०आर० एवं डाकघर से जारी एन०एस०सी० के रूप में कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ के पद नाम में बंधक होगी तथा कॉलम सं० 6 मे अंकित निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य जो शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक से जारी डिमान्ड ड्राफ्ट (**Non-refundable**) के रूप में कार्य अधीक्षक, अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०), लो०नि०वि० लखनऊ के नाम से देय होगा।

7- कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा उसी क्रम में एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

8- अधोहस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी को बिना कोई कारण बताए एक या समस्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(पारितोष सिंह) कार्य अधीक्षक अ०वि०नि०ई० (वि०/यां०) लो०नि०वि०, लखनऊ

(आर० एम० श्रीवास्तव) अधीक्षण अभियंता 17वां (वि०/यां०) वृत्त लो०नि०वि०, लखनऊ

UP – 235449 दिनांक: 27/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


## सार-संक्षेप

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली



बाइक रैली निकालते बजरंग दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय बजरंग दल का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पत्थर शिवाला से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशुतोष वर्मा ने की। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पहले हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद पत्थर शिवाला परिसर से विशाल बाइक रैली का निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में बाइक सवार शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में भगवा झंडे लिए और जय श्री राम-जय बजरंगबली के जयकारे लगाए। रैली कस्बे के मगरहिया, रायगंज होते कस्बे में भ्रमण किया। इसके बाद पत्थर शिवाला धाम में समाप्त हुई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आशुतोष वर्मा और जिला महामंत्री ललित दीक्षित समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोमिन कॉन्फ्रेंस की जिलास्तरीय बैठक आयोजित

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** खैराबाद स्थित बुनियाद डिग्री कॉलेज में उत्तर प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले भर से आए कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और विशेष रूप से बुनकर समुदाय से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में मुफ्ती आफताब आलम ने बुनियाद हुसैन अंसारी की जीवन यात्रा और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हुसैन अंसारी न केवल एक सशक्त समाजसेवी थे, बल्कि बुनकरों की आवाज को मंच देने वाले प्रेरणास्रोत भी थे। उनका जीवन नई पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बुनकर समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, सरकारी योजनाओं की पहुंच, और उनके अधिकारों को लेकर व्यापक संवाद किया। साथ ही आने वाले दिनों में संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर भी विचार किया गया। बैठक में क्षेत्रीय पदाधिकारियों समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् भी मौजूद रहे।

### विकास की राह में संकरी पुलिया बनी बाधा

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** विकास की राह में एक पुलिया अड़चन बन गई है। इलाके के ग्राम न्यामूपुर से शरीफपुर कसमंडा को जोड़ने वाले पेंट मार्ग पर बनी बाकरनगर माइनर की संकरी पुलिया लोगों के लिए रोजाना की मुसीबत बन चुकी है। लहरपुर ब्लॉक क्षेत्र में हर रोज तलबीपुर, टकेली, करसैयरा, अलहना और तकिया जैसे कई गांवों के लोग इसी पुलिया से होकर गुजरते हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ढाई किलोमीटर लंबे और 5 .30 मीटर चौड़े इस मार्ग का निर्माण तो हो गया, मगर पुलिया पहले जैसी ही संकरी रह गई। वाहन चालकों को एक-दूसरे को पास देना मुश्किल हो जाता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। हालांकि ग्रामीण इसको लेकर कई बार मांग भी कर चुके हैं कि पुलिया का चौड़ीकरण हो। प्रांतीय खंड के अवर अभियंता बाबूराम ने बताया कि पुलिया निर्माण का प्रस्ताव बन चुका है, जल्द काम शुरू होगा।

### हरियाली के संकल्प के साथ मंदिर परिसर में रोपे गए पौधे



पौधरोपण करते विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष व अन्य लोग। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम लक्ष्मण नगर के मातन देवी मंदिर परिसर में शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष अनुराग मिश्रा और सहयोगियों ने जामुन, आंवला, गोल्डमोहर, सहजन समेत विभिन्न प्रजातियों के एक दर्जन से अधिक पौधे रोपे। मिश्रा ने कहा कि हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाए। जिला उपाध्यक्ष मनीष मेहरोत्रा ने मौजूद लोगों को पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष महेंद्र मिश्रा, पुजारी बाबा अखिलेश दास, मुकेश राजपूत, चक्रवर्ती और राखी तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीतापुर।

पताः–तृतीय तल, विकास भवन, सीतापुर।

मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना

पत्रांक– 418 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्राली / अनु0सहायक / 2025–2026, दिनांकः–18–06–2025

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड सीतापुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी,डी एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *मैन्यूवल विधि* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु स्वीकृति निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। जी0एस0टी0 की धनराशि जमा कर रसीद की मूल प्रति अन्य निविदा प्रपत्रों के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | योजना / कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | सांसद निधि योजना | | | | |
| 1 | सीतापुर | ग्राम बनवीरपुर वि0खं0 पहला एवं ग्राम विशेस्वरपुर, गन्धौली वि0खं0 सिधौली में हाईमास्ट लाइट का अधिष्ठान कार्य। | 4.06 | 0.21 | 500+150+118= 768.00 | 03 माह |

2. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः–04–07–25 से 07–07–25 (पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक)

3. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थानः–08–07–25 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–सीतापुर, अधीक्षण अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल लखनऊ, एवं जिलाधिकारी जनपद सीतापुर।

4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–09–07–25 को अपरान्ह 12:30 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड सीतापुर में सम्पर्क करें।

(ज्ञानेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड सीतापुर।
राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UP – 235391 दिनांक: 27/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

उ. प्र. उर्दू अकादमी, लखनऊ (उ. प्र. सरकार)

اتر پردیش اردو اکادمی، لکھنؤ
حکومت اتر پردیش

IAS PCS

उर्दू आई.ए.एस. स्टडी सेन्टर, लखनऊ (यू0पी0)
उच्चस्तरीय निःशुल्क कोचिंग सहित उत्तम भोजन एवं हॉस्टल व्यवस्था
ग्यारवें बैच (2025-26) का प्रवेश प्रारम्भ

उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम से सिविल सर्विसेज़ परीक्षा की तैयारी हेतु अल्पसंख्यकों के लिए सुनहरा अवसर

विस्तृत जानकारी के लिए अकादमी वेबसाइट www.upurduakademi.in पर देखें।
उ0प्र0 उर्दू अकादमी, गोमती नगर, लखनऊ
सम्पर्क करें– 9450450484, 9208688770

ऑन लाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि : 05.07.2025
प्रवेश परीक्षा तिथि : 13.07.2025

सम्पर्क करने का समय
प्रातः 10:00 से सायं 05:00 बजे तक

शौकत अली सचिव

उन्मेश मिश्रा निदेशक

# शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश

## तेज धूप व उमस के बीच दोपहर के बाद हुई जोरदार बारिश ने दिलाई राहत, किसानों ने तेज की धान की रोपाई

**मौसम का हाल**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** दोपहर तक तेज धूप के बीच उमस बरकरार रही। दोपहर बाद शहर और कुछ ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश हुई। ऐसे में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिन में आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावनाएं हैं। सुबह की धूप तेज उमस लेकर आई, दिन बढ़ने पर बढ़ते तापमान ने लोगों को परेशान कर दिया। ऐसे में रोजमर्रा के कार्यों में बाधा आई, दोपहर बाद हल्की हवाओं के बीच बादल छा गए। फिर बारिश शुरू हुई। खैराबाद, अटरिया, झरेखापुर, तालगांव सहित अन्य स्थानों पर तेज बारिश हुई। चलती ठंडी हवाओं के बीच लोगों को राहत मिली। कई स्थानों पर उमस देर शाम तक बरकरार रही।

**किसानों को मिली राहत, धान की रोपाई में तेजी :** रामपुर मथुरा, महमूदाबाद सहित अन्य इलाकों में बारिश से किसान खुश हैं। किसान रामकिशन, रूपलाल, रमेश, बिंद्रा सहित अन्य किसानों का कहना है कि बारिश से केला, गन्ना और मिर्च की फसलों को विशेष लाभ मिला है। किसान सीताराम ने बताया कि बाजरा, अरहर, मक्का और उड़द जैसी फसलों की बुवाई शुरू की जा सकेगी। धान की रोपाई में भी तेजी आएगी।

**बीमारियों से मिलेगी निजात**

रमदाना निवासी मजहर चौधरी, अमर शर्मा, रामखेलावन का मानना है कि बारिश न होने बीमारियां बढ़ी थीं। तेज बारिश में बुखार जैसी बीमारियों में भी कमी आने की संभावना है। बारिश होने से मिर्च की खेती में लागत में कमीं आएगी।

**नौव्वा खेड़ा में 15 दिन से ट्रांसफार्मर जला, लोग परेशान**

जयपालपुर के ग्राम पंचायत नवा खेड़ा में 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब है। हालांकि इस समस्या को हल करने के लिए विधायक मनीष रावत ने आश्वास दिया था, लेकिन दस दिन का समय बीतने के बावजूद समस्या जस की तस है। ग्रामीण विपिन, विशाल, शुभम, प्रशांत, राकेश सहित अन्य ने निस्तारण की मांग की है।



बारिश के बीच शहर के मुख्य सड़क पर मस्ती करते बाइक सवार। अमृत विचार



लहरपुर के धौरहरा प्राथमिक विद्यालय मार्ग पर पानी से बाधित आवागमन।

### लहरपुर में प्राथमिक विद्यालय के करीब भरा पानी

धौरहरा प्राथमिक विद्यालय जाने वाले मार्ग पर सड़क पर पानी भर गया है। ग्रामीण ऋषिकेशन, रमाकांत शुक्ला, रिंकू शुक्ल, शानू शुक्ल, शिवसागर लाल आदि ने बताया कि पहली जुलाई से शिक्षण सत्र आरंभ हो रहा है। ऐसे में बच्चों के लिए खास परेशानी होगी। हल्की सी बारिश यहां गड्ढों और पानी निकासी न होने के कारण समस्या पैदा कर रही है। संक्रमण भी बढ़ सकता है। ग्राम पंचायत अधिकारी सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि रास्ते को सही करा कर आवागमन दुरुस्त कर दिया जाएगा।

### तार टूटकर गिरा किसान गंभीर

खैराबाद इलाके के दतेली गांव में 42 वर्षीय किसान जयपाल अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इस दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का खस्ताहाल तार टूटकर नीचे गिर गया। करंट की चपेट में आकर किसान के शरीर का निचला हिस्सा झुलस गया। जिला अस्पताल में लाए गए ग्रामीण की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### हाईवे की सर्विस लेन में भरा पानी, आवागमन बाधित

सीतापुर- लखनऊ हाईवे स्थित कमलापुर इलाके में सर्विस लेन में बारिश का पानी भर गया। पानी निकासी न होने के कारण आवागमन बाधित हो गया। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इलाका वासी आरपी सिंह, अमर, राजकरण, रवि, आयुष सहित अन्य लोगों का मानना है कि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### रामपुर मथुरा पंपिंग सेट की मदद से रोपी गई नर्सरी

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में अपेक्षाकृत बारिश न होने से पंपिंग सेट का इस्तेमाल करके खेतों में पानी भरा गया। बाद में पाटा लगाकर धान की नर्सरी रोपी गई। प्रति बीघा लगभग 800 रूपए के हिसाब से खेतों में नर्सरी रोपित कराई जा रही है। किसान संतोष कुमार, लालता, सुमेरी, समीरूद्दीन, इश्तियाक अहमद, आशाराम, ईश्वरदीन, मोंगरे, सुकई आदि किसानों ने बताया कि धान के बीज के साथ लगवाई, सिंचाई, खाद व निराई के साथ काफी खर्चा आ रहा है।



खेतों में धान की रोपाई करते किसान और श्रमिक। अमृत विचार



लखनऊ-सीतापुर हाईवे स्थित सर्विस लेन पर भरा पानी। अमृत विचार

## एक नजर

### सकरन में दो ठेकेदारों पर 1.40 लाख का जुर्माना

**बिसवां, अमृत विचार :** सकरन इलाके में हरियाली पर आरा चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई हुई। वन विभाग की ओर से दो लकड़ी ठेकेदारों पर 1.40 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। वन दरोगा वकील अहमद के अनुसार, अम्बाई गांव में गदियाना निवासी लकड़ी ठेकेदार प्रकाश यादव ने प्रतिबंधित आम के पेड़ काटे गए। उधर, सकरन के उमराखुर्द मार्ग पर लालूपुरवा निवासी ठेकेदार दिलेराम द्वारा पेड़ों की अवैध कटाई कराई गई। दोनों ठेकेदारों के पास किसी भी प्रकार का परमिट नहीं था। जांचोपरांत तथ्य पाए जाने पर 1.40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### लूट की योजना बनाते चार शातिर गिरफ्तार

**मानपुर, अमृत विचार :** मानपुर पुलिस टीम ने इटदहा गांव के मोड़ पर स्थित मंदिर के पीछे से चोरी की योजना बनाते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राजकुमार, महेन्द्र यादव, धनपाल और शिशुपाल के रूप में हुई। क्षेत्राधिकारी मानपुर का दावा है कि आरोपियों के कब्जे से चाभियों का गुच्छा, पेचकस, प्लास, लोहे की सरिया और प्लास्टिक की टार्च शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राजकुमार के पास से एक तमंचा और कारतूस भी बरामद हुई हैं।

### वांछित गिरफ्तार, भेजा जेल

**मछरेहटा-सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस ने एक वांछित को दबिश देकर गिरफ्तार किया। प्रभावी कार्रवाई के तहत उसे जेल भेजने की कार्रवाई की। थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने बताया कि ग्राम सड़िला निवासी मनीष कुमार की पिछले कुछ समय से तलाश की जा रही थी। पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित आरोपी मनीष कुमार को कालूपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

### बरेली में कवि कमलेश को मिला सम्मान



सम्मानित होते कवि कमलेश।

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** आपातकाल के पचास वर्ष पूरे होने पर मेगासिटी अपार्टमेंट बरेली में आयोजित संगोष्ठी प्रतिष्ठित कवि एवं आपातकाल में भूमिगत रहकर कार्य करने वाले कार्यकर्ता साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को सम्मानित किया गया। बरेली के लोकतंत्र रक्षक सेनानी कला भूषण राजेन्द्र सिंह पुंडीर ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर जिलाध्यक्ष रोहित राकेश ने वरिष्ठ गीतकार कमल सक्सेना व लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजेन्द्र सिंह पुंडीर का अंगवस्त्र से अभिनन्दन किया। यह आयोजन उत्कर्ष ललित कला अकादमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। संगोष्ठी का संचालन रोहित राकेश ने किया।

### अश्लील वीडियो बनाकर दीं अमानवीय यातनाएं, केस दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के एक इलाके में विवाहिता के साथ अमानवीय यातनाएं देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि विवाहिता का पति अश्लील वीडियो बनाकर उसे प्रताड़ित भी करता रहा है। हरगांव निवासी एक परिवार ने कोतवाली में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि विवाहिता के साथ लहरपुर निवासी शानू द्वारा अमानवीय यातनाएं दी जाती रहीं। पीड़िता के मुताबिक, उससे कहा जाता था कि जमीन उसके नाम कर दो, वरना वीडियो वायरल कर देंगे। आरोप है कि प्रताड़ित करने के दौरान विवाहिता ने डायल 112 पर सूचना भी दी। इन सबके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक अंकुर अंग्रवाल को अवगत कराया। एसपी के आदेश पर लहरपुर कोतवाली में केस दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

# फिर गरमाया बिजली केबल का मामला, समाधान में जुटा प्रशासन

कुतुबनगर, सीतापुर

**फॉलोअप**

**दो नेताओं के आमने-सामने आने के बाद सतर्क हुआ था प्रशासनिक अमला**

**अमृत विचार :** गड़ासा गांव में बिजली केबिल को लेकर शनिवार को शुरू हुआ विवाद रविवार को भी चर्चा का विषय बना रहा। ग्रामीणों की अलग-अलग मांगों के चलते बिजली विभाग के अधिकारियों के सामने तकनीकी के साथ-साथ राजनीतिक संतुलन बनाए रखने की चुनौती खड़ी हो गई।

पूर्व विधायक अनूप गुप्ता और मौजूदा विधायक शशांक त्रिवेदी के आमने-सामने आने के बाद अब मामला प्रशासन के संज्ञान में है और समाधान की कोशिशें जारी हैं। पिसावां ब्लॉक के गड़ासा गांव में बिजली आपूर्ति की बहाली को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा। शनिवार को पंचायत भवन के निकट 75 एमएम केबिल बिछाने का कार्य शुरू हुआ, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने 95 एमएम की मोटी केबिल और वह भी उत्तर दिशा से डालने की मांग को लेकर विरोध जताया। पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने इसे पक्षपात बताते हुए आरोप लगाया कि जानबूझकर केबिल को गांव के एक हिस्से में डाला जा रहा है। वहीं, मौजूदा भाजपा विधायक शशांक त्रिवेदी ने स्पष्ट किया कि उनके प्रस्ताव में विद्यालय और पंचायत भवन क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई थी। हालांकि केबिल बिछाने की दिशा को लेकर ग्रामीण दो पक्षों में बंट गए थे। दक्षिण दिशा में केबिल डाले जाने का समर्थन करने वाले लोग पहले से बिछाई गई लाइन को हटाने का विरोध कर रहे थे, जबकि उत्तर दिशा के ग्रामीण उसे हटवाकर अपने क्षेत्र में नई लाइन बिछवाना चाहते थे। तूल पकड़ते मामले को लेकर एसडीएम शैलेन्द्र कुमार मिश्रा और एक्सईएन संतुलित बनाकर समाधान करने में लगे हुए हैं।

# झाड़ियों से बढ़ा दुर्घटना का खतरा, सफाई की मांग

संवाददाता लहरपुर (सीतापुर)

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम खानपुर मोहद्दीनपुर के निकट लहरपुर माइनर नहर पुलिया के पास दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। नहर की दोनों पटरियों पर सफाई के दौरान निकाली गई सिल्ट पर झाड़ियां और घना जंगल उग आया है, जिससे मुख्य मार्ग पर आने-जाने वाले वाहनों की दृश्यता बाधित हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मोहद्दीनपुर से आने वाले वाहन जब मुख्य मार्ग पर पहुंचते हैं, तो गुलरीपुरवा व बरगदहा की ओर से तेज गति से आने वाले वाहन झाड़ियों की आड़ में दिखाई नहीं देते। इससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, खासकर दोपहिया वाहनों की भिड़ंत की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। यह मार्ग प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है। मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों को नहर पटरी से आती सड़क दिखाई नहीं देती, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासी इश्तियाक, अनूप, अजय, राजित राम, विद्याराम, विनोद, राजू, नन्हा, छोटे, अशोक कुमार, अम्बू, रामखेलावन, दिनेश यादव आदि ने प्रशासन से मांग की है कि नहर की पटरियों से झाड़ियों और सिल्ट को तुरंत हटवाया जाए, जिससे सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल ने कहा है कि नहर पटरी पर उगी झाड़ियों और सिल्ट की शीघ्र ही सफाई कराई जाएगी, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके।



सड़क के किनारे उगी झाड़ियां। अमृत विचार

### हादसे में ऑटो सवार एक की मौत, चार लोग घायल

**मिश्रिख (सीतापुर), अमृत विचार:** कोतवाली मिश्रिख क्षेत्र के नरसिंघौली के पास सड़क हादसे में ऑटो सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल है। यह हादसा उस समय हुआ जब सभी यात्री ऑटो से नैमिषारण्य की तरफ से वापस लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहन ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में अशरफ नगर निवासी राजू (35) की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार सुबह मृत्यु हो गई। घायलों में अनुज (10) पुत्र सुशील, करन (12) व रितेश (15) पुत्रगण सत्यपाल और मनोहर लाल (60) को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख में जारी है। कोतवाल अरविन्द सिंह ने बताया अभी तक कोई तहरीर नही मिली है।



राजू, फाइल फोटो।

# आस्था की राह में रोड़ा बनेगी टूटी सड़क

संवाददाता कमलापुर, सीतापुर

- **सावन शुरू होने को है, जिम्मेदार अब भी बेपरवाह**
- **हमीरपुर संपर्क मार्ग की दुर्दशा से कांवरियों को होगी परेशानी**

**अमृत विचार :** कांवरियों की जुबां पर भले ही हर-हर महादेव गूंज रहा हो, लेकिन पैरों के नीचे टूटी सड़क इस बार उनकी परीक्षा लेगी। सावन का पवित्र महीना 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। बाबा भोलेनाथ की भक्ति में लीन हजारों कांवरिए कमलापुर से जल लेकर बाबा नागेश्वर धाम की ओर प्रस्थान करेंगे। लेकिन श्रद्धा की इस यात्रा को सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है हमीरपुर संपर्क मार्ग, जिसकी हालत इतनी बदतर है कि कांवरियों को हर कदम संभलकर रखना होगा।

दरअसल विकास खंड कसमंडा का यह वही हमीरपुर मार्ग है जिससे होकर हर वर्ष सावन में कांवड़ यात्रा निकलती है। इस बार भी पहला जत्था 9 जुलाई को रवाना होगा और 14 जुलाई को प्रथम सोमवार पर बाबा नागेश्वर धाम में जलाभिषेक करेगा। पूरे सावन भर यह सिलसिला मुसलसल जारी रहेगा। हालांकि सड़क की दुर्दशा से न सिर्फ कांवरियों को, बल्कि क्षेत्रीय लोगों को भी आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कांवरिया संघ के अध्यक्ष सुनीत पांडे और कोषाध्यक्ष जय कृष्णा पांडे ने बताया कि यह मार्ग जगह-जगह से टूट चुका है। बारिश शुरू होते ही कीचड़ और जलभराव की स्थिति हो जाती है। कांवर यात्रा में शामिल बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे इस हालत में कैसे चलेंगे, यह सोचकर ही मन व्याकुल हो जाता है। श्रद्धा के इस कठिन सफर में कांवरिए चाहे जैसे भी हों, बाबा तक जरूर पहुंचते हैं। मगर जिम्मेदारों की चुप्पी आस्था पर सवाल खड़े करती है। इसको लेकर कांवरिया संघ ने प्रशासन से मांग की है कि मार्ग की मरम्मत शीघ्र कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा बाधित न हो।



हमीरपुर का खस्ताहाल मार्ग। अमृत विचार

**निरीक्षण** — एडीएम बोले-जिले में पर्याप्त भंडार, अधिकारियों को दिए निर्देश

# किसानों को निर्धारित दर पर मिलेगा उर्वरक

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार :** जनपद सीतापुर में किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम अभिषेक आनंद के निर्देश पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला प्रबन्धक पीसीएफ, सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता, क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको तथा जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जनपद की सभी साधन सहकारी समितियां, जिला सहकारी फेडरेशन केंद्र, क्रय-विक्रय समितियां, पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र, इफको केंद्र और आईएफएफडीसी सेवा केंद्र प्रतिदिन समय से खुले रहें और निर्धारित दरों पर बिना किसी टैगिंग के उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित की जाए। एडीएम ने कहा कि समस्त उर्वरक निरीक्षक अपनी-अपनी तहसीलों में भ्रमण करते रहें और किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तत्काल कार्यवाही करें।



रैक का निरीक्षण करते कृषि विभाग के अधिकारी।

**जिले में यूरिया, डीएपी आदि का निर्धारण**

| | |
|---|---|
| यूरिया : | 30,070 मीट्रिक टन |
| डीएपी : | 7,239 मीट्रिक टन |
| एनपीके : | 13,199 मीट्रिक टन |
| एमओपी : | 746 मीट्रिक टन |
| एसएसपी : | 8,717 मीट्रिक टन |

**कृषि विभाग कंट्रोल रूम**

8004894761, 9696055412, 9415379437, 9151730701

सहकारिता क्षेत्र कंट्रोल रूम (कमरा संख्या 116) : 7786049956, 9415103288, 7007557369, सहायक आयुक्त सहकारिता : 9415566046।

**जिले में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध :** उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार सिंह ने जानकारी दी कि किसानों को तय मूल्य पर उर्वरक आसानी से मिल सके, इसके लिए जिला कृषि कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

# पंचायत भवन में लटका ताला मंदिर परिसर में लगी ग्राम चौपाल

**संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार :** ग्रामीणों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर समाधान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए पंचायत भवन बदहाली का शिकार हो गए हैं। मछरेहटा ब्लॉक की मिर्जापुर उत्तरी ग्राम पंचायत में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल इसका जीवंत उदाहरण बन गई, जहां पंचायत भवन पर ताला लटका मिला और चौपाल का आयोजन गांव के फूलमती माता मंदिर परिसर में किया गया। शासन की मंशा थी कि पंचायत भवन में ही चौपालें लगें और वहीं से जन समस्याओं का निस्तारण हो, ताकि लोगों को ब्लॉक या तहसील के चक्कर न काटने पड़ें। इसके लिए पंचायत भवनों को कंप्यूटर, फर्नीचर और अन्य संसाधनों से लैस किया गया और पंचायत सहायकों की नियुक्ति भी की गई। लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर नजर आ रही है। मिर्जापुर उत्तरी पंचायत भवन पर शुक्रवार को चौपाल के दिन ताला बंद मिला। पूछने पर बताया गया कि चौपाल मंदिर पर हो रही है। भवन के भीतर और बाहर दोनों हैंडपंप खराब हैं। वहीं पास ही रहने वाले रामगुलाम ने बताया कि पंचायत सहायक कभी-कभार ही आते हैं, लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है। शिकायतें करने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं होता। खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने कहा कि यह गलत है, जिम्मेदार लोगों से बात की जाएगी।




पंचायत भवन में लगा खराब हैंडपंप।

## सार-संक्षेप

### बारिश की बूंदों के बीच कटान की जांच



कटान रोकने के कार्य का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** बारिश की बूंदों के बीच शारदा नदी पर चल रहे कटान कार्य का निरीक्षण हुआ। मुख्य अभियंता विकास कुमार सिंह ने जरूरी निर्देश दिए। ऐसे में ग्रामीणों द्वारा सुझाव भी दिए गए। लहरपुर तहसील क्षेत्र से निकलने वाली शारदा नदी के कटान को रोकने के लिए बाढ़ परियोजनाओं के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं। ऐसे में गठित टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। मुख्य अभियंता विकास कुमार सिंह द्वारा ग्राम रतौली और रामपुरवा में शारदा नदी पर बाढ़ से बचाव के लिए चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता जयप्रकाश सिंह, अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल के साथ सिंचाई विभाग के अभियंता व कर्मचारी उपस्थित थे। सहायक अभियंता पुष्कर वर्मा ने बताया कि टीम द्वारा निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया।

### इमाम हुसैन का मकसद दुनिया में अमन-चैन स्थापित करना



मजलिस को संबोधित करते मौलाना हसन।

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला काजी टोला स्थित इमामबाड़ा सरकारे हुसैनी में मोहर्रम की दूसरी मजलिस का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद थे। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना हसन अली रिजवी ने कहा कि इमाम हुसैन ने अपने छोटे से बड़े सभी का बलिदान कर अपनी कौम को गलत कार्यों से बचाने और गलत का साथ न देने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन का मकसद पूरी दुनिया में अमन चैन का पैगाम देना था, चाहे इसके लिए सर भी कटाना पड़ा। मौलाना ने अजादारों से कहा कि दस मोहर्रम यानी आशूरा के दिन हजरत इमाम हुसैन और उनके खानदान के लोगों को कर्बला के मैदान में शहीद कर दिया गया था। यह शहादत इस्लामी इतिहास में एक बहुत अहमियत रखती है। मोहर्रम के महीने में हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मातम करते हैं। इस मौके पर अंजुमन लश्करे हुसैनी के आकिल रिजवी जिलाध्यक्ष ऑल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा, मशर्रत हुसैन, जामिन अब्बास, मीसम अब्बास, डॉ. जबीर मिर्जा, फराज मिर्जा, सैयद ताज मियां सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मां की याद में भाजपा अध्यक्ष ने रोपे पौधे

**सीतापुर, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम को लेकर नगर की टीम ने पौधरोपण का आयोजन किया। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने पौधरोपण से जुड़ी ज्ञानवर्धक जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, नगर अध्यक्ष नगर मंडल -2 पंकज पांडेय, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा अशोक राठौर, सागर गुप्ता, केडी निशाद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गौतम बुद्ध के सपनों को पूरा करेंगे : सांसद



क्षत्रिय समाज के साथ बैठक करते सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** सांसद राकेश राठौर के आवास पर क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधिमंडल ने आकर सांसद का नागरिक अभिनन्दन किया। किसान नेता प्रदीप सिंह चौहान को बिसवां विधान सभा क्षेत्र से सांसद प्रतिनिधि बनाने के लिए सांसद को धन्यवाद दिया। सासंद राकेश राठौर ने कहा कि क्षत्रिय समाज के साथ वीरता और शौर्य के साथ - साथ त्याग और बलिदान से जुड़े अनेकों संस्मरण जुड़े रहे हैं। हम गौतम बुद्ध और वीपी सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए जब तक जीवन है सक्रिय रहेंगे। शिव प्रकाश सिंह चौहान को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत करने के पीछे मेरी यही सोच है। इस अवसर पर किसान मंच के प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह, संजय सिंह, महेंद्र सिंह चौहान सहित कई चिकित्सक, अधिवक्ता, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

### कारों की भिड़ंत में धू-धू कर जली कार, तीन लोग घायल



हादसे के बाद कार में लगी आग।

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचारल :** जल्लापुर चौराहे पर रविवार दोपहर दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद एक कार में आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों की सूझबूझ से सभी सवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पिसावां थाना क्षेत्र के जल्लापुर चौराहे पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार में अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में वह आग की चपेट में आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बिना देर किए कार में सवार लोगों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। हादसे में प्रफुल्ल बाजपेयी, शिल्पी बाजपेयी और पल्लवी मिश्रा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी कार में शाहजहांपुर निवासी नीतू अग्रवाल, योगेश चंद्र अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, रुचि अग्रवाल और कुमारी अनन्या सवार थीं। एक कार के एयरबैग खुलने से उसमें सवार लोगों की जान बच गई। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है। अभी तक किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है, तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नाम के फेर में फंसा इलाज, ठेले पर भटक रहा परिवार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार :** सिस्टम की बेरुखी ने एक बेसहारा महिला को दर-दर भटकने पर मजबूर कर दिया है। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सियारपुर निवासी पूरन (32) छह महीने पहले आवास की छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। कमर की हड्डी टूटने के कारण वह बिस्तर पर पड़ा है, पेट में नली लगी है और डॉक्टर ऑपरेशन की बात कह चुके हैं। मगर इलाज के लिए जरूरी आयुष्मान कार्ड नाम की गलती में उलझा है। स्वास्थ्य विभाग की सूची में पूरन का नाम पूरनमल दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में केवल पूरन। इसी कारण कार्ड नहीं बन पा रहा। पत्नी ने प्रधान, सचिव से लेकर बीडीओ और एसडीएम तक की चौखट खटखटाई। जन्म प्रमाणपत्र तो बन गया, मगर अब आधार अपडेट के लिए डाकघर निवास प्रमाणपत्र मांग रहा है। पूरनमल नाम से आधार कार्ड न होने से निवास प्रमाणपत्र भी नहीं बन पा रहा। सिस्टम की इस उलझन में पीड़िता ठेले पर घायल पति को लादकर इधर से उधर भाग रही है। खण्ड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा प्रतिभा जायसवाल का कहना है कि मामले में जांच कराई जाएगी।



ठेलिया पर लेटा सियारपुर निवासी ग्रामीण।

### 260 पशुपालकों को निःशुल्क दवा वितरित

**पिसावां, अमृत विचार :** विकास खण्ड पिसावां के अंतर्गत ग्राम नेरी-संसड़ा में पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. दिनेश पाल, पशु चिकित्सा अधिकारी पिसावां की देखरेख में संपन्न हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया और अपने पशुओं की निःशुल्क जांच करवाई। डॉ. दिनेश पाल ने उपस्थित पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारियों के लक्षण, बचाव के उपाय और देखभाल के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर लगभग 260 पशुपालकों को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

### चेयरमैन प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी

**पेट्रोल पंप पर बाइक के ढक्कन में रखा मिला पत्र, तहरीर पर जांच शुरू**

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष तयबुन निशां के पुत्र व प्रतिनिधि दानिश कमाल खां को जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला है। उन्होंने तंबौर थाने में तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दानिश कमाल खां ने बताया कि 26 जून को वह सीतापुर न्यायालय पेशी पर जा रहे थे। इस दौरान बेहटा स्थित जियो पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाते समय टंकी के ढक्कन में एक पत्र मिला, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। घटना से उनके परिवार में दहशत है। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पत्र मिलने के तीन दिन बाद तहरीर दी गई। शुरुआती पूछताछ में मामला संदिग्ध लग रहा है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़ मास्टर माइंड समेत 3 गिरफ्तार

## अमेठी पुलिस एवं एसटीएफ साइबर सेल लखनऊ की संयुक्त टीम को मिली सफलता

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** साइबर अपराध की दुनिया में सक्रिय एक अंतर्राज्यीय संगठित ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अमेठी पुलिस एवं एसटीएफ साइबर सेल लखनऊ की संयुक्त टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। ठगी के मास्टर माइंड समेत तीन आरोपियों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए आम लोगों को बहला-फुसलाकर लाखों रुपये की ठगी कर रहे थे।

**फेसबुक लिंक बना ठगी का जरिया :** अमेठी के रामगंज थाना क्षेत्र निवासी आशीष विक्रम सिंह को अगस्त 2024 में उनके फेसबुक एकाउंट पर एक संदिग्ध लिंक प्राप्त हुआ जिसे क्लिक करते ही उनका व्हाट्सएप एक्टिव हो गया। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम चैनल से जोड़ा गया जहां टास्क पूरा करने पर इनाम देने का लालच देकर उन्हें धीरे-धीरे जाल में



एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

फंसाया गया। शुरुआत में पीड़ित को टास्क पूरा करने पर दस हजार रिवॉर्ड दिया गया जिससे विश्वास जम गया। इसके बाद कई टास्क कराए गए और धीरे-धीरे पीड़ित से 15 लाख 84 हजार एक सौ रुपये की ठगी की गई। इसे विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कराया गया।

**तकनीकी सहायता से हुई ट्रैकिंग और गिरफ्तारी :** पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना अमेठी में बीएनएस की धाराओं व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू की गयी। एसटीएफ साइबर सेल लखनऊ की तकनीकी सहायता से गिरोह का पता लगाते हुए तीन आरोपियों को मध्य प्रदेश के भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में शिवांश मिश्रा (22) निवासी शहडोल (मध्य प्रदेश), रवि सिंह (23) निवासी शहडोल तथा उमाशंकर तिवारी (43) निवासी भोपाल शामिल है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

### पूछताछ में हुआ खुलासा

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे भोपाल की भाभा यूनिवर्सिटी से बीफार्मा की पढ़ाई कर रहे हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने एक कॉल सेंटर में नौकरी के दौरान साइबर ठग जुबेर खान से संपर्क किया जो बाद में उन्हें अनिल नायक और अमित नायक नामक गिरोह के सरगनाओं तक ले गया। गिरोह पीड़ितों से धोखाधड़ी कर मोटी रकम विभिन्न बैंक खातों में जमा करवाता था। इन खातों की किट (एटीएम, पासबुक और चेकबुक, आदि) शिवांश व रवि फर्जी आईडी के जरिए तैयार कर गिरोह को मुहैया कराते थे। हर खाते के एवज में 15 हजार मिलते थे साथ ही ठगी की रकम निकालने पर कमीशन भी। अब तक ऐसे करीब 50 बैंक खाते गिरोह को उपलब्ध कराए जा चुके हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है। उधर, इस मामले में अमेठी पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि यह एक संगठित गिरोह है जो सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को फांसकर उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है। गिरोह से जुड़ी कड़ियों को जोड़ते हुए जल्द और गिरफ्तारियां की जाएंगी।

# उड़ान क्रिकेट एकेडमी ने जीता फाइनल मैच

संवाददाता, अमेठी

- उड़ान क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए

**अमृत विचार।** गौरीगंज स्थित ड्रीम चेंजर्स क्रिकेट एकेडमी में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-14 आयु वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला उड़ान क्रिकेट अकादमी ने जीत लिया। उड़ान क्रिकेट अकादमी ने भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी को आठ रन से हराया। उड़ान क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.1 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए। भोला प्रसाद क्रिकेट अकादमी की टीम 40 ओवर खेलकर 9 विकेट के नुकसान पर 173 रन ही बना सकी। मैच में मैन ऑफ द मैच शनि रहे जिन्होंने चार विकेट लिए। फाइटर ऑफ द मैच आदित्य यादव रहे जिन्होंने तीन विकेट लिए और 30 रन बनाए।

बेस्ट बल्लेबाज शिवम रहे जिन्होंने 23 रन बनाए। बेस्ट बॉलर वाहिद रहे जिन्होंने चीन विकेट लिए। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज निखिल बेस्ट बैट्समैन दीपक, बेस्ट बॉलर ऋतिक शंकर, बेस्ट फील्डर आदित्य दुबे, बेस्ट विकेटकीपर साहिल कश्यप रहे। जिला अधिकारी संजय चौहान ने कहा कि आज क्रिकेट में बेहतरीन कैरियर हो गया है। विभिन्न स्तर पर तरह-तरह के प्रारूप में प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि खेल एक तपस्या है जिसमें एकाग्र मन से संकल्प के साथ मन लगाने पर सफलता अवश्य मिलती है।

संघ के सचिव राजेश तिवारी ने तीन सालों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि जनपद के कई खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर अपना कौशल दिखा चुके है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन में जिले में क्रिकेट का लगातार विकास हो रहा है। संघ के निदेशक प्रांजल तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उप क्रीड़ाधिकारी मुशर्रफ खा संघ के उपाध्यक्ष मुकेश यादव, गोविंद मौर्य, विकास समिति से निहाल तिवारी, अमित तिवारी आशीष परिहार अभिषेक यादव, विकास, सिद्धार्थ एवं सैकड़ों खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### माया नगरी मा फसा दुखिया सबै संसार

**अमेठी अमृत विचार।** रविवार अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से स्थानीय डाक बंगले में मासिक कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण तथा अमर बहादुर सिंह 'अमर' की वाणी वंदना से हुआ। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुंज बिहारी मौर्य 'काका श्री' ने पढ़ा रीति-रिवाज, आदर, सत्कार सब भरा बा, कइसे कहा हे बाबू गउंवा मा काव धरा बा। अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने पढ़ा माया नगरी मा फसा दुखिया सबै संसार, ढूंढ़त वोका जगत मा कइसेन लागे बेड़ा पार। रामेश्वर सिंह 'निराश' ने पढ़ा सपने मा न इ केहू सोचे रहा पहलगाम मा ऐसी घटे घटना, जे देश कै सीस झुकावत बा, ओके सीस जरूरी है कटना। अमर नाथ गुप्ता बेजोड़ ने पढ़ा कहीं ऐसा न हो लग जाय आग पानी में, कहीं ऐसा न हो मौत आ जाये जवानी में। राम कुमारी 'संस्सृति' ने पढ़ा बारिश की रितु आइ गइल मोरी गोइयां हो, चलौ मिलि जुलिके विरवा रोपाई करी हो। रामबदन शुक्ल 'पथिक' ने पढ़ा तुम बोलो न कोयल बाग मेरे पपिहा तुहू नाही पिया रट लावा। शब्बीर अहमद सूरी ने पढ़ा समंदर, समंदर, समंदर है दुनिया जो पैदा हुई इसके अंदर है दुनिया। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अवधी मधुरस ने पढ़ा बेरि केरि कयि संगु निभै ना, अंधी भक्ति दिनु चारि सरै ना। जगदम्बा तिवारी 'मधुर' ने पढ़ा यहि सावन न अउब्या साजन छपवाइ देब अखबार मा, खाई जहर मरि जाबै येक दिन संइयां तोहरे पियार मा। फतेहबहादुर सिंह ने पढ़ा दुश्मन को यह तो दिल में ठहरने देती, अन्दर जो लगी है उसे बुझने नही देती। सुरेश चन्द्र शुक्ल 'नवीन' ने पढ़ा प्यासी अंखियां राह निहारे कैसे दरस दिखाओगे, परदेशी कब आओगे। अजय अनहद ने पढ़ा मतलब से जब काम निकलने लगते हैं कड़वे फल भी मीठे लगने लगते हैं। कवि गोष्ठी में अम्बरीष कुमार मिश्र, संतोष श्रीवास्तव, कैलाश नाथ शर्मा, डॉ. अभिमन्यु कुमार पाण्डेय एवं एसपी मिश्रा आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। संचालन कवि समीर मिश्र ने किया।

### जयप्रकाश पाठक बने प्रबंधक

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले के भेटुवा विकासखंड के महात्मा शिवकुमार इंटर कॉलेज धरई माफी में रविवार को शिक्षा प्रसार समिति की बैठक हुई। शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित महात्मा शिवकुमार इंटर कालेज धरई माफी के प्रबंधक के रूप में जयप्रकाश पाठक को निर्वाचित किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने नव निर्वाचित प्रबंधक जयप्रकाश को विद्यालय के विकास के लिए पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया। विद्यालय के अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पूर्व प्रबंधक शरद पाठक ने विद्यालय में अपना योगदान देते हुए एक लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान की।

### कर्मचारी गैरहाजिर हुए तो खैर नहीं

**अमेठी, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उभयेमाफी का औचक निरीक्षण सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने किया। निरीक्षण में कई कर्मचारी गैरहाजिर मिले। डॉ. भूपेंद्र कुमार अनुपस्थित पाए गए जबकि होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता उपस्थित रहीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा देवी की उपस्थिति दर्ज की गई लेकिन रेखा, संगीता पाल और बिट्टू अनुपस्थित रहीं। इसके अलावा सभी आशा कार्यकर्ता भी अनुपस्थित मिलीं। सीएमओ ने कर्मचारियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कर्मचारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

### कोयला व्यवसाई ने ईंट भट्ठा संचालक को पीटा, एफआईआर

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** ईंट भट्ठा संचालक और कोयला व्यवसाई के बीच शनिवार को पैसे के लेनदेन को लेकर झगड़ा हो गया। इसमें कोयला व्यवसाई ने अपने सहयोगियों के साथ ईंट भट्ठा संचालक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने ईंट भट्ठा संचालक के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के कमालपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि वह बरवलिया गांव के पास ईंट भट्ठा का संचालन करता है। उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र चकलवंशी के गांव कोरारी निवासी धीरेन्द्र सिंह पुत्र बबलू सिंह से कोयले का व्यवसाय करता था। शनिवार को लेनदेन का हिसाब हुआ तो मेरा चार लाख रुपया धीरेन्द्र सिंह के पास निकला। मैंने अपना पैसा वापस मांगा तो धीरेन्द्र सिंह और उनके साथी लालगंज क्षेत्र के गांव वनपुरवा निवासी संगम सिंह पुत्र सुखेन्द्र सिंह और दो अज्ञात लोगों ने मुझे गाली देते हुए मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। अन्य लोगों के बीच बचाव करने पर जान से मारने को धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

### नहीं हो रही कार्रवाई, पीड़ित ने की एसपी से शिकायत

**अमेठी, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र पीपरपुर के गांव दहियावां निवासी राम अभिलाख गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कहा कि कार्रवाई नहीं होने से उसे परेशानी हो रही है। पीड़ित में आरोप लगाया है कि वह अपने मकान के दूसरी मंजिल पर दीवार बनाकर चद्दर रख रहा था लेकिन विपक्षी संजय विश्वकर्मा ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर प्रार्थी को चद्दर नहीं रखने दिया और गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर फेंककर मारने-पीटने लगे। आरोप है कि विपक्षी ने चद्दर भी तोड़ दी और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने थाना पीपरपुर में इसकी शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित ने जांच कर विधिक कार्यवाही करने की मांग उठाई है।

# 30 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, कमरौली, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले की कमरौली थाना पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। रविवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार कर उससे 310 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 30 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रेम कुमार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम सिधियांवा थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में देखकर रोका था। तलाशी लेने पर उसके पास से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार प्रेम शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ बाराबंकी और अमेठी में लूट, डकैती, हत्या के प्रयास और नशे की तस्करी जैसे कई गंभीर आरोपों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### अवैध असलहा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** जिले में अपराध और अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। रविवार को संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की चेकिंग के दौरान मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान समीर पुत्र फैयाज निवासी तकिया मजरे जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी के रूप में हुई है। उम्र लगभग 24 वर्ष बताई जा रही है। तलाशी में पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर का बरामद किया है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की गई जान

संवाददाता, सिंहपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** इन्हौना क्षेत्र अंतर्गत मकदूमगंज गांव में शनिवार शाम एक सड़क हादसे में 30 वर्षीय शमीम की मौत हो गई। वह बाइक से कहीं जा रहे थे कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि शमीम उछलकर सड़क से दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक घेर लिया और चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना अध्यक्ष इन्हौना ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था। ग्रामीणों ने प्रशासन पर भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण न होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार तेज रफ्तार वाहनों की वजह से हादसे बढ़ते जा रहे हैं। शमीम परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के शुकुलडीह मजरे खजुरी गांव में 60 वर्षीय श्यामकली की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका इलाज एम्स रायबरेली में चल रहा था। मृतका के पुत्र राजकुमार यादव का आरोप है कि 24 जून को उनके घर पर मारपीट की घटना हुई थी जिसमें उनकी मां को गंभीर चोटें आई थीं। परिजनों का आरोप है कि श्यामकली की मौत मारपीट के चलते हुई है। राजकुमार के मुताबिक दो दिन पहले श्यामकली को सीने में तेज दर्द हुआ जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें एम्स रायबरेली रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। अमेठी कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि 24 जून को दो पक्षों में मारपीट हुई थी लेकिन मेडिकल परीक्षण में कोई गंभीर चोट सामने नहीं आई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# एक गिरफ्तार, मुख्य आरोपी समेत दो की तलाश में दबिश जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** समझौता कराने का झांसा देकर रायबरेली निवासी साबिर अली (28) को बुलाकर खदरा में मौत के घाट उतारने की साजिश रचने वाले सईद को मदेयगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुख्य आरोपी मुन्ना घोसी और उसके एक अन्य साथी की तलाश में छापेमारी कर रही है। जांच में सामने आया कि आरोपी सईद ने मुन्ना से मिलवाने की बात कहकर घर बुलाया था। यहां घर में पहुंचते ही मुन्ना, सईद व साथी ने धारदार हथियार और हथौड़े से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चाकू से वार के आठ निशान मिले हैं।

इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी सईद रायबरेली के सय्यद राजन किला बाजार मोहल्ले का रहने वाला है। सईद और मुन्ना घोसी दोनों दोस्त हैं। मुन्ना रायबरेली के नयापुरवा का रहने वाला है। मुन्ना के बेटे पप्पू की 2017 में रायबरेली के शहर कोतवाली इलाके में चाकू से गोदकर हत्या की गई थी। हत्याकांड में साबिर समेत चार आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा था। जमानत पर छूटने के बाद वह मुंबई में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने लगा। पेशी के चलते शुक्रवार को साबिर रायबरेली आया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुन्ना और सईद दोस्त हैं। बेटे की हत्या का बदला लेने के लिए मुन्ना ने सईद से मदद मांगी थी। दोस्ती के चलते सईद ने हामी भरी। साजिश के तहत सईद ने ही साबिर को कॉल कर समझौता कराने के बहाने बुलाया था। स्टेशन पहुंचने पर सईद उसे शुक्रवार रात कार से लेकर खदरा स्थित अपने घर आया। यहां मुन्ना और एक अन्य था। तीनों ने मिलकर साबिर को पीटा। इसके बाद मुन्ना ने चाकू से उसकी गर्दन रेत दी। सईद और साथी ने हथौड़े से कई वार किए थे। चीख सुनकर मोहल्ले वाले निकले तो मुन्ना और उसका साथी भाग निकला। जबकि देर रात सईद ने कार में शव रखा और फिर खदरा शिवनगर में एक प्लाट में फेंककर भाग गया था।

# आभास को चेस प्रतियोगिता में मिली जीत

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** रामा कृष्णा पब्लिक स्कूल में फ्रीडम फाइटर जंग बहादुर पटवा मेमोरियल चेस टूर्नामेंट 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सीनियर मेनेजर रविन्द्रनाथ श्रीवास्तव व वैष्णवी चेस एकेडमी के सचिव अभिषेक देवल ने बोर्ड पर चाल चल कर किया।

इस प्रतियोगिता में आठ जिलों से कुल 76 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ट्राफी एवं मैडल के साथ कुल 11 हजार रुपये के धनराशि वितरित की गई। इस प्रतियोगिता के निर्णायक आदित्य सिंह एवं सत्येन्द्रे शर्मा रहे। जिसमें विजेता आभास कुमार श्रीवास्तव छह अंको के साथ, शान तिवारी पांच अंको के साथ उपविजेता, रूद्र शुक्ला पांच अको के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में वैष्णवी चेस की संचालिका कृतिका देववंशी, इंजीनियर राकेश पटवा लखनऊ जिले के समाज सेवी, शिक्षक सतीश चौरसिया, मिनर्वा एकेडमी के हिमांशु श्रीवास्तव, अधिवक्ता राम विलाश यादव, शिवम देवल पीलीभीत एवं डिस्ट्रिट चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी आदित्य कुमार द्विवेदी एवं वर्किंग सेक्रेटरी एमएल साहू उपस्थित थे।



चेस प्रतियोगिता में ट्राफी के साथ विजेता खिलाड़ी व मौजूद अतिथि।

### भाजपा नेता ने कथा वाचक को किया सम्मानित

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज नगर के शांति नगर वार्ड में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भागवत कथा में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के मंत्री दिलीप यादव और प्रांतीय नेता जेपी सिंह ने कथा व्यास पंडित अनिल कुमार पांडे को अंग वस्त्र और माल्यार्पण से सम्मानित किया। आचार्य अनिल पांडे ने कहा कि कलियुग में श्री राम कथा और भागवत कथा ही मानव का उद्धार कर सकती है। भगवान सुखदेव से कथा सुनकर पांडवों के वंशज महाराज परीक्षित को मोक्ष प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर मनोज अवस्थी, शिवकुमार अवस्थी, कृष्ण कुमार अवस्थी, मुन्नीलाल वाजपेई, अनिल त्रिवेदी, बाबू तिवारी दीपक अवस्थी सहित सैकड़ो भक्त मौजूदरहे।

# सूर्योदय के साथ उठने से मिलता है पंचतत्व का लाभ : योगाचार्य बृजमोहन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** शहर स्थित शहीद स्मारक निकट राना बेनी माधव बक्श सिंह पार्क में मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि सूर्योदय के साथ उठने से पंचतत्व का लाभ मिलता है, जिससे हम दिनभर तनावमुक्त और सक्रिय रहते हैं।

योग शिविर में योगाचार्य बृजमोहन और योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है।

योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि "योग जीवन की ऊर्जा है, इसे अपनाकर हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।" कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संयोजक प्रदीप पांडेय ने कहा कि शांत, सहज और सरल जीवन जीकर ही प्रभु मिलेंगे। उपस्थित लोगों ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया और अपने जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प लिया।



शहीद स्मारक के निकट राना बेनी माधव बक्श सिंह पार्क में योगासन करते लोग।

# हो गया उस रोज से हिंदोस्ता शब्बीर का

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** मुहर्रम के तीसरे दिन कर्बला में गई हजरत इमाम हुसैन के परिवार पर जुल्म की दास्तां मजलिसों में बताई गई। वक्ताओं ने कहा कि भारत हुसैन की मुहब्बत का मुल्क है, हुसैन भारत आना चाह रहे थे किंतु जालिम यजीद ने नहीं आने दिया। मजलिस में मौलाना हसनैन मुस्तफाबादी ने यकीदा पढ़ा कि " जब से आने को कहा था कर्बला से हिंद में ,हो गया उस रोज से हिंदोस्ता शब्बीर का " तो मजलिस में मौजूद सभी अजादारो ने दिल भारत के लिए प्रेम और श्रद्धा के भाव से भर गया।

मौलाना ने कहा कि कौम और इंसानियत की राह पर चलने वाले हजरत हुसैन पर जालिम ने जुल्म पर जुल्म ढाए किंतु वह अपनी राह पर चलते रहे , उनके पूरे कुनबे को मार डाला गया। उनका सिर कलम कर दिया गया, लेकिन उन्होंने प्रेम और इंसानियत की राह नहीं छोड़ी। इस दौरान कर्बला में हजरत इमाम हुसैन द्वारा दी गई शहादत को याद करके लोगों की आंखे नम हो गई। मजलिस को ओवेस नकवी और हसनैन मुस्तफावादी ने संबोधित किया। इसमें ताबिस हैदर ने पढ़ा कि ' वापस मदीना लौटकर आए न फिर हुसैन , या रब किसी गरीब का ऐसा सफर न हो' सुनकर सभी अजादारों की आंखे भर आई थी। इस मौके पर शोएब हैदर, जॉन हैदर, कोनैन अब्बास, सिबतैन अब्बास, हैदर अब्बास, नाजिर हैदर, डा अजहर अब्बास नकवी, असरफ हुसैन असद, शाजू नकवी आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद-रायबरेली

पत्रांक : 487/अधि0अधि0न0प0स0/ई-टेण्डर/2025-26 दिनांक : 28.06.2025

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)**

एतद्द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना व पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना (अनुदान संख्या-83) व सीवरेज एवं जलनिकासी योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित निर्माण कार्यो हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से दिनांक- 02.07.2025 से 10.07.2025 सांय 05:00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी समस्त कार्यवाही **www.etender.up.nic.in** पर ही की जायेगी। दिनांक- 11.07.2025 को अपरान्ह 11.00 बजे निविदाएं कार्यालय नगर पंचायत सलोन में खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई7निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त प्राप्त की जा सकती है। नोट-शासन द्वारा प्राप्त प्रथम किस्त की धनराशि से भुगतान किया जायेगा शेष भुगतान द्वितीय किस्त प्राप्त होने पर किया जायेगा।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)**

| क्रमांक | नगर पंचायत | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 30.06.2025 | - |
| 2. | | Tender Download | 02.07.2025 10:00 am | 10.07.2025 05:00 pm |
| 3. | | Bid Submission | 02.07.2025 10:00 am | 10.07.2025 05:00 pm |
| 4. | Bid Opening | | 11.07.2025 11:00 am | |

**''कार्य-विवरण''**

| क्र0 सं0 | कार्य/ स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (GST सहित) | जमानत राशि 10 प्रति0 | निविदा फार्म शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना। | | | | |
| 1. | नगर पंचायत सलोन के अन्तर्गत वार्ड संख्या 12 में मो0 अनीस के मकान से विनोद साहू के मकान तक कवर्ड नाला का निर्माण कार्य। | 636900.00 | 53900 | 650 | 01 माह |
| | पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना (अनुदान संख्या-83) | | | | |
| 2. | वार्ड सं0 05 में आलम के मकान से अरमान के मकान तक सी0सी0 रोड व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 985000.00 | 83500.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 3. | वार्ड सं0 05 में नईम के मकान से विकास कौशल के मकान तक मिट्टी सी0सी0 रोड व कवर्ड नाली का निर्माण कार्य। | 1575000.00 | 133500.00 | 1600.00 | 02 माह |
| | सीवरेज एवं जलनिकासी योजना। | | | | |
| 4. | जगतपुर सम्पर्क मार्ग में चौराहे से एस0 जे0एस0 के सामने तक कवर्ड नाला का निर्माण कार्य। | 2227000.00 | 188750.00 | 2300.00 | 02 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

प्रशासक
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली।

# एसडीओ और ग्रामीणों में नोकझोंक

## उपभोक्ताओं ने बिल जमा करने के लिए मांगा 24 घंटे का समय, नहीं माने एसडीओ

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** परशदेपुर में विद्युत बकाया की वसूली करने गए एसडीओ और ग्रामीणों के बीच जमकर नोक झोंक हुईं। ग्रामीण बिल जमा करने के लिए 24 घंटे का समय मांग रहे थे लेकिन एसडीओ समय देने को तैयार नहीं हुए। बताते हैं कि आधा दर्जन लोगों के विधुत कनेक्शन काटने से आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीओ की गाड़ी भी रोक ली। इसके बाद हंगामा करने लगे।

उप खंड अधिकारी छतोह ध्रुव कुमार जायसवाल विधुत कर्मियो के साथ रविवार को विद्युत बकाया बिल की वसूली के लिए परशदेपुर के पूरे काजी मुहल्ले पहुंचे। बिल जमा ना करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने लगे तो उपभोक्ताओं ने बिल जमा करने के लिए उनसे 24 घंटे का समय मांगा लेकिन एसडीओ समय देने को तैयार नहीं हुए। एसडीओ ने मो. शकील, रोनू कुरेशी, शहनाज, सलीम खान, मुनव्वर खान आदि का कनेक्शन काट दिया। इस पर उपभोक्ताओं की एसडीओ से जमकर नोक झोंक हुईं। बताते हैं कि उपभोक्ताओं ने एसडीओ की गाड़ी भी रोक ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस उपभोक्ताओं को समझा बुझा कर विद्युत टीम को अपने साथ ले गई।

मो. शकील का आरोप है कि सात महीने से कोई बिल निकालने नहीं आया। बकाया बिल जमा करने के लिए 24 घंटे का समय मांगा लेकिन एसडीओ ने नहीं दिया। ऑनलाइन भी बिल लेने से मना कर दिया। याशमीन का कहना है कि कुछ दिन पहले घरेलू कनेक्शन के लिए 3600 रुपए दिए थे जिस पर उनके घर में कनेक्शन कर दिया गया था। मीटर नहीं लगा था। आज एसडीओ ने उसे काट दिया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि ट्रांसफार्मर और विद्युत तार अक्सर खराब होते रहते हैं। कुछ भी खराबी होती है तो वो अपने पैसे देकर ठीक कराते हैं।


परशदेपुर में उपभोक्ताओं और एसडीओ के बीच होती नोक-झोंक।

> विद्युत बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काटने पर लोग विवाद करते ही हैं। ऑनलाइन भुगतान करने पर कनेक्शन तुरंत जोड़ने को भी कहा गया लेकिन किसी ने भुगतान नहीं किया। सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर उचित कार्यवाही करेंगे।
>
> -ध्रुव जायसवाल, उप खंड अधिकारी, छतोह

# पौराणिक नगरी की बदलेगी तस्वीर

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** पौराणिक नगरी डलमऊ की तस्वीर बदलने वाली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर लौटे नगर पंचायत अध्यक्ष पं. बृजेश दत्त गौड़ का प्रयास जल्द ही रंग लाएगा। उनके द्वारा कस्बे में जाम की समस्या से लेकर घाटों के रंगरोगन और मुहल्लों के सुंदरीकरण समेत तमाम समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। जिस पर मुख्यमंत्री ने निस्तारण करने को लेकर आश्वस्त किया। नगर पंचायत डलमऊ अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने बताया कि लखनऊ स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री जी से मुलाकात की। नगर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सभी समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया।

रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गोद एवं प्रतिनिधि शुभम गौड़ ने मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर मुलाकात की। नगर पंचायत डलमऊ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। डलमऊ स्थित बड़ौदा घाट के सौंदर्यकरण एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार की मांग की। अध्यक्ष ने बताया कि डलमऊ एक पौराणिक स्थल है। यहां पर प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान उन्हें विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसमें जाम की प्रमुख समस्या है। अध्यक्ष ने उन्नाव-बिलग्राम मार्ग में बाईपास बनवाने की भी मांग रखी।

इस तरह उन्होंने नगर पंचायत डलमऊ को अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत चयनित किए जाने की भी मांग की। इसके अलावा डलमऊ को पर्यटन योजना के अंतर्गत विकसित किए जाने, घाटों के सुंदरीकरण आदि की मांग को प्रमुखता से रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर पंचायत अध्यक्ष को डलमऊ की विभिन्न समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलते नपं अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ और शिवम गौड़।

## एक नजर

### मारपीट का मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के दुर्गाखेड़ा मजरे डुमटहर निवासी घायल धर्मराज यादव ने खीरों पुलिस से शिकायती की है। उसका आरोप है कि उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र बिहार के गांव गौरा गांव निवासी इकबाल कलुआखेड़ा बाजार में दुकान संचालित करते हैं। शनिवार की रात ठेले पर नाश्ता करने के बाद ठेला दुकानदार को अपना भुगतान कर दिया। इकबाल ने उससे उसका भी पैसे देने को कहा तो उसने मना कर दिया। इसी बात से नाराज़ होकर उसने गाली देते हुए सरिया से पीटकर घायल कर दिया। आसपास के दुकानदारों ने बीच बचाव किया तो उसकी जाने बची। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### शटर तोड़कर चोरी का प्रयास

**परशदेपुर।** साकेत नगर निवासी ललित जौहरी का आरोप है कि उनकी मेडिकल और ज्वैलर्स की दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी करने के नीयत से शटर तोड़ने का प्रयास किया लेकिन किसी के आ जाने से भाग गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### भूमिद्यारी जमीन को कब्रिस्तान बता किया कब्जा

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गांव सिंघौर में एक किसान की भूमिधरी जमीन को कब्रिस्तान की जमीन बताकर दूसरे समुदाय के लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया। सिंघौर गांव निवासी अमर सिंह पुत्र नरेन्द्र बहादुर सिंह ने आरोप लगाया है कि गांव के बाहर मेरे पिता नरेन्द्र बहादुर सिंह के नाम राजस्व विभाग के अभिलेखों में भूमिधरी दर्ज है। शनिवार को सुबह मैं सरेनी जा रहा था। इसी जमीन पर कुछ लोग बबूल के हरे पेड़ काट रहे थे। मैंने उन्हें पेड़ काटने से मना किया तो महारानीगंज निवासी रफीक, आरिफ, लतीफ, बल्ला, आसिफ, जाहिद, मो. लतीफ, गुफरान, मो. हाफिज, मो. वसीम, मो. आसिफ, मो. समीम, मो. सरीफ, रसीद, तनीफ, इलियास, मो. सलीम आदि ने पहुंचकर उक्त भूमिधरी जमीन को कब्रिस्तान की जमीन बताकर कब्जा कर लिया। सभी लोगों ने जमीन के पास जाने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### बाइकों में टक्कर, 3 घायल

**लालगंज, रायबरेली।** जगतपुर गांव निवासी संजीव व शिवाकांत पुत्रगण सुरेश एक ही बाइक से खीरों थाना क्षेत्र के लालाखेड़ा गांव से लौट रहे थे। तभी उनकी बाइक की टक्कर नंदाखेड़ा निवासी सक्षम बाजपेयी पुत्र आलोक की बाइक से हो गई। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

# चोरों के गैंग का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**रायबरेली, अमृत विचार।** गुरुबख्शगंज पुलिस ने रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग के छह आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से आभूषण समेत लगभग एक लाख रुपये बरामद किए गए है।

रविवार को पुलिस कार्यालय में क्षेत्राधिकारी लालगंज गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुरबख्शगंज पुलिस ने छह चोरों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने बीती 22 जून की रात्रि में अटौरा बुजुर्ग कस्बे में एक ज्वैलर्स की दुकान में चोरी की थी जिसका खुलासा किया गया है। ये चोर इतने शातिर है कि पहले यह रेकी करने के बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इसके अलावा इन चोरो ने जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी घटनाएं की है। पुलिस ने शिव बाबू सिंह चौहान पुत्र राजकरण निवासी रूपामऊ, संजय चौहान पुत्र अर्जुन निवासी रूपामऊ, रवि पुत्र छोटेलाल निवासी बंदरामऊ, राहुल पुत्र राजेश पासवान निवासी बंदरामऊ, धर्मेंद्र मोर्य पुत्र रामकुमार मौर्य निवासी रूपामऊ, भोला सिंह पुत्र समर सिंह निवासी सिकंदरपुर थाना मिल एरिया को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस ने इन चोरों के पास से आभूषण समेत 91 हजार रुपये कैश बरामद किया है।

# बेड़ारु-चन्दापुर मोड़ सम्पर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील, राहगीर परेशान

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र का करीब तीन किमी लम्बा बेड़ारु वाया चन्दापुर मोड सम्पर्क मार्ग जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील हो गया है। इससे राहगीरों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जल्द ही सम्पर्क मार्ग की मरम्मत नहीं कराने पर सपा नेता श्रवण कुमार, ओम प्रकाश रावत, संतशरण, आशाराम, राजेश कुमार आदि लोगों ने पीडब्लूडी विभाग को आंदोलन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई सालों से इस सम्पर्क मार्ग की रिपेयरिंग नहीं हुई है जिसके चलते यह सम्पर्क मार्ग जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील हो गया। कई बार शिकायतों के बावजूद पीडब्लूडी विभाग ने इसकी रिपेयरिंग कराना मुनासिब नहीं समझा। इस संदर्भ में जब पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गड्ढों में पैच भराकर सड़क की रिपेयरिंग कराई जाएगी।


गड्ढों में तब्दील बेड़ारू-चन्दापुर मोड़ सम्पर्क मार्ग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### आरोग्य मेले में 71 मरीजों का किया गया उपचार


हरदी टीकर पीएचसी में आरोग्य मेले में उपचार करते डा. सुफैल अहमद।

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार को जगतपुर विकास क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदी टीकर में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 71 मरीजों में पंजीकरण कराया। जिसमें 35 पुरुष, 28 महिलाएं व 8 बच्चों का उपचार किया गया। डॉ. सुफैल अहमद ने बताया कि मेले में जुखाम, बुखार, शुगर, बीपी, हाइपरटेंशन, एनीमिया, कमर दर्द, सिर दर्द आदि रोगों के मरीजों का उपचार किया गया। उपचार के बाद मरीजो को निशुल्क दवाई दी गई।

### सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को दी विदाई


उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह को विदाई देते पुलिस कर्मी।

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों में तैनात उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने 30 जून से अपने सेवाकाल के लगभग 41 वर्ष पूरे कर लिए। वह सोमवार 30 जून को सेवा निवृत्त हो रहे हैं। रविवार को थाना खीरों परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पुलिसकर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह और निरीक्षक विनय कुमार तिवारी ने उन्हें रामचरित मानस भेंट किया। समारोह में सभी पुलिसकर्मियों ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी।

### डीएम से की सफाई में लापरवाही की शिकायत

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** प्रत्येक वर्ष नहर विभाग द्वारा माइनर की सफाई ठेकेदार के माध्यम से कराई जाती है लेकिन हेड से टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता था। धान की रोपाई के समय पानी न पहुंचने पर चुरूआ, पुरहिया एवं खुदी खेड़ा के ग्रामीणों द्वारा चंदा जुटाकर जेसीबी मशीन द्वारा सफाई कराई गई है। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों द्वारा सिंचाई विभाग के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से इसकी जांच करवा कर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान प्रवीण अवस्थी, मनीष मिश्रा, टिल्लू बाजपेई, गुड्डू बाजपेई, विजय पाल, लालू आदि लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मलियापुर मजरे सराय दिलावर ग्राम निवासी अमृतलाल पुत्र नारायण कि बीती रविवार को घर में अचानक हालत बिगड़ने लगी। परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताते हुए एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। उपचार के बाद परिजन उसे घर ले आए और शनिवार की देर रात फिर से अमृतलाल की हालत बिगड़ने लगी। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा।

### नहीं रहे कवि जमुना प्रसाद पाण्डेय 'अबोध'

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के राजपुर मजरे पड़रिया के रहने वाले प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि जमुना प्रसाद पाण्डेय का निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। 'अबोध' अवधी बोलियों के सुप्रसिद्ध कवि थे। जो कवि सम्मेलनों एवं विभिन्न मंचों पर ठेठ देहाती अंदाज़ में ग्रामीण जीवन, राजनीति और समाज पर व्यंग्यात्मक टिप्पणियाँ करते हुए सबको हंसाने और गुदगुदाने का काम करते थे। वे अवधी भाषा में सहजता से हास्य और व्यंग्य पूर्ण स्वरचित कविताएं पढ़कर सबका मन मोह लेते थे। ज्ञात हो कि अबोध पिछले कई दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे जिनका लखनऊ में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार की देर शाम उनका निधन हो गया था। शनिवार को दोपहर बाद जिनका अन्तिम संस्कार किया गया।

# राज्यमंत्री समेत भाजपाइयों ने एक पेड़ मां के नाम किया रोपित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिले के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुना। इसके बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण किया। वहीं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 10-10 पौधों का रोपण किया।

प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी के साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात को सुना। कार्यक्रम के संयोजक जय तलरेजा ने बताया कि जिले में कार्यकर्ताओं द्वारा 22 हजार से अधिक पौधे रोपित किए गए हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान के कार्यक्रम के जिला सह संयोजक शिवेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में 2236 बूथों पर संगठन द्वारा 10 -10 पेड़ की संख्या उपलब्ध कराई है। प्रत्येक पेड़ पर एक एक कार्यकर्ता पालक बनाया गया है, जो पेड़ की सुरक्षा और सेवा की जिम्मेदारी को निभाएगा। इस अभियान की शुरुआत 5 जून पर्यावरण दिवस को किया गया, जो कि पांच अगस्त तक चलेगा।


पौधरोपण करते राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी व शिवेंद्र सिंह। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने किया पौध रोपण

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** दीनशाह गौरा मण्डल के 20 शक्ति केंद्रों के अन्तर्गत सभी 118 बूथों पर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इसके अलावां प्रत्येक बूथ पर पौधरोपण किया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेश वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मिश्रा, देवेश वर्मा, अनुराग मिश्रा, उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, पंकज सिंह, अमरनाथ मिश्रा, शत्रोहन शाक्य, बृजेश मौर्य, सुशील बाजपेई, मनोज शर्मा, रामू मौर्य, मोनू बाजपेई, अनुराग सिंह, पप्पू तिवारी, सौरभ सिंह, सुरेंद्र लोधी, शिवम मालवीय, कुलदीप द्विवेदी, मनोज लोधी, हेमेंद्र यादव, भुल्लन पटेल, सुरेश तिवारी, राजेश मौर्य, राजेश सिंह, एलबी पटेल, प्रेमचन्द्र नाय बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने अभियान में सहभागिता की।


दीनशाह गौरा क्षेत्र में पौधरोपण करते लोग।

# धर्म परिवर्तन का आरोप लगा किया हंगामा, पुलिस ने शुरू की जांच

**संवाददाता, अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर 12 बजे चतुर्भुजपुर बालापुर में एक घर पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हुए। स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी। लोगों ने पुलिस को बताया मोहल्ला निवासी एक महिला द्वारा घर पर ही प्रार्थना सभा के बहाने आसपास के गरीबों को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अलावा घर के अंदर से उठने वाली खौफनाक आवाजें बच्चों को डराती हैं। इससे बच्चे खौफजदा रहते हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कई सालों से धर्म परिवर्तन का यह खेल चल रहा है। कुछ महीने पहले मोहल्ले के लोगों ने विरोध किया तो यहां मजमा लगना बंद हो गया था। अब एक बार फिर से भीड़ लगने लगी है। इस संबंध में एसएसआई राजेश कुमार सिंह ने बताया की गई जांच पड़ताल में प्रार्थना सभा का आयोजन कराए जाने की जानकारी हुई है। महिला द्वारा बताया गया है कि उसने पूजा अर्चना के लिए रजिस्ट्रेशन भी कर रखा है। मामले को लेकर तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश में संचारी रोग की बढ़ जाती है संभावना

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ब्लाक सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को संचारी रोग पर सतर्क रहने के साथ ही महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि जुलाई माह से संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। इसमें सतर्कता हर किसी को बरतनी चाहिए।

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि मौसम बदल रहा है। बारिश में गंदगी के कारण संक्रामक रोग पैर पसारने लगते हैं। ऐसे में पहले से सतर्कता बेहद जरूरी है। सभी सफाई कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी। इस काम में कोई बहानेबाजी नहीं सुनी जायेगी। आगामी एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी को युद्धस्तर पर मेहनत करने की जरूरत है। सीएचसी अधीक्षक डा. राजेश गौतम ने सभी को नालियों में लार्वा को नष्ट करने के लिये दवा का छिड़काव करने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि इन रोगों पर नियंत्रण का उपाय साफ सफाई ही है। गांव की गलियां व नालियां जितनी साफ रहेंगी, कीटाणु उतनी ही दूर रहेंगे। इस मौके पर सुशील, सुनील, राकेश, संजय, सर्वेश, जितेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र मिश्रा, हरेराम, अजय सिंह, धर्मेन्द्र, सुरेंद्र, पुतानी साहू, रामफेर सिंह, रोहित कुमार, रामाशीष आदि मौजूद रहे।


ब्लाक सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में मौजूद लोग।

# भाजपा नेता सहित दो पर शांतिभंग की कार्रवाई

**लालगंज, रायबरेली।** महेश नगर मुहल्ले में भूमि विवाद को लेकर पुलिस ने दोनो पक्षों को शांतिभंग में पाबंद किया है। महेशखेड़ा मुहल्ला निवासी भाजपा के पदाधिकारी ब्रम्हेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि वह शनिवार के अपनी पुस्तैनी जमीन पर निर्माण करा रहे थे। तभी वहां झबरा गांव निवासी ब्रज बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू आ गए और उस भूमि को अपनी बताते हुए विवाद करने लगे। मामला बढ़ने पर वहां पुलिस पहुंच गयी और दोनो पक्षों को कोतवाली ले आयी। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि दोनो लोगों के विरूद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी है। वहीं भाजपा नेता का कहना है की तहसील के अधिकारियों के द्वारा जमीनी विवाद का निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

## समारोह

### देश की विभिन्न कंपनियों में अभ्यर्थियों का करवाया गया प्लेसमेंट

# एनटीपीसी का प्रयास, बेरोजगारों के चेहरे पर आई मुस्कान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना के आसपास के गांवों के युवक और युवतियों को जब जॉब ऑफर लेटर मिला तो उनकी बांछे खिल उठी। सभी लाभार्थियों ने एनटीपीसी के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया।

सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) के माध्यम से ऊंचाहार परियोजना के आसपास के युवक- युवतियों को प्लास्टिक प्रोसेसिंग का छह महीने का कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाया गया। इसके बाद देश की विभिन्न नामी कंपनियों में इन अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट करवाया गया। इन युवाओं को ऑफर लेटर और प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देने के लिए एनटीपीसी ऊंचाहार में एक समारोह आयोजित किया गया। लाभार्थियों को कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव और प्रियदर्शिनी लेडीज क्लब अध्यक्षा अनुपमा श्रीवास्तव अन्य महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा संबंधित ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में ऑफर लेटर देकर उनके उज्ज्वल भविष्य तथा आत्मनिर्भर जीवन को नए पंख दिए गए।

परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने युवाओं को बधाई देते हुए अपील की कि वे जहां भी काम करे अपना शत-प्रतिशत योगदान देकर स्वयं का और एनटीपीसी का नाम रोशन करें। सीपेट के कौशल विकास विभाग के प्रमुख केपी सिंह ने प्रशिक्षण संबंधी प्रेरणादायक जानकारी दी और एनटीपीसी द्वारा युवाओं के रोजगार के लिए किए जा रहे कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम को ग्रामप्रधानों, कर्मचारी नेताओं ने भी संबोधित किया। सीएसआर विभाग की वरिष्ठ प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने कार्यक्रम का संचालन किया। उपमहाप्रबंधक विनायक प्रकाश शॉ ने आभार व्यक्त किया।


एनटीपीसी में रोजगार मिलने पर खुशी जताते युवक-युवतिया साथ में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

# मारपीट व वाहन तोड़फोड़ प्रकरण में मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने बहुचर्चित मारपीट और वाहन तोड़फोड़ मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। वहीं तीन लोगों का चालान किया है। गौरतलब है कि नगर की सीमा से सटी एक भूमि को लेकर कस्बे के करूणा बाजार चौराहा निवासी एवं बख्शी मेमोरियल स्कूल के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह व कुम्हडौरा गांव के प्रधान पति जितेंद्र सिंह उर्फ बच्चा से विवाद चल रहा है।

पुलिस को दिए तहरीर में सुनील सिंह ने आरोप लगाया कि उनका छोटा भाई सतीश सिंह अपने साथियो के साथ कुम्हड़ौरा गांव अपने रिश्तेदार राकेश सिंह चौहान के बुलाने पर गया था। उसके साथ उसके दोस्त भी थे। गांव से वापस लौटते समय बच्चा सिंह व राजेश सिंह ने अपने लगभग एक दर्जन साथियों के साथ मिलकर उनकी गाड़ियो को ओवरटेक करते हुए रोक लिया। इसके बाद असलहा लहराते हुए फायरिंग करने लगे। रोहित सिंह, सोनल सिंह, निशांत सिंह, नान सिंह पर लाठी डंडो से वाहनों को तोड़ने और पिटाई करने और वाहन में रखे 72 हजार रुपये लूट का आरोप लगाया। इसमें सतीश सिंह समेत उनकी गाड़ी के चालक बैजनाथ रैदास व साथी शिव सागर निर्मल को चोटे आई हैं।

वहीं दूसरे पक्ष से रोहित सिंह पुत्र राजेश बहादुर सिंह निवासी कुम्हडौरा का कहना है कि उसके चाचा व प्रधान पति जितेंद्र सिंह से सुनील सिंह आदि का जमीन विवाद चल रहा है। प्रतिवादी दस गाड़ियों से उसके दरवाजे आए और गाली गलौज करने लगे। सुनील सिंह ने लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग की। हरिओम कोरी व चालक प्रभात बचाने आए तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े और ईंट पत्थर चलाया तो प्रतिवादी वहां अपनी गाड़ियां छोड़कर भाग निकले। शिकायती पत्र में रोहित ने सुनील सिंह, सतीश सिंह, तनू सिंह व मनू सिंह समेत 20 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दिया है। कोतवाल प्रमोद सिंह का कहना है कि दोनो पक्षों के शिकायती पत्रो के आधार पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इसमें एक पक्ष के सतीस उर्फ बबलू और बैजनाथ, जबकि दूसरे पक्ष से रोहित सिंह का शांति भंग की धाराओं में चालान किया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### नकदी व सोने-चांदी के जेवरात ले गए चोर, केस दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ऊंचा परसोला में बुजुर्ग महिला के घर से चोरी का मामला सामने आया है। पीड़िता सूरजा देवी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बताया कि 27-28 जून की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नकद व सोने चांदी के जेवर चोरी कर कर लिया। पीड़िता ने बताया कि उन्हें दिखाई नहीं देता है। घर आए रिश्तेदारों ने जब सामान के बारे में पूछा, तब चोरी का पता चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन भाइयों ने मिलकर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरदार नगर में खेत में ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर तीन भाइयों ने मिलकर युवक से मारपीट की। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पीड़ित मनोज कुमार के अनुसार 27 जून की शाम उसने गांव निवासी अमरेश को अपने खेत से ट्रैक्टर निकालने से रोका था। जिससे नाराज होकर विपक्षी ने अपने भाई राजेश और पप्पू के साथ मिलकर पर डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मोहर्रम को लेकर हुई पीस कमेटी बैठक

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम त्योहार को लेकर थाने पीस कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने तजीएदारों से जानकारी ली। थानाध्यक्ष विजय कुमार ने ताजियदारों से कहा कि पूर्व निर्धारित मार्गों से ताजिए का जुलूस निकाला जाएगा। कोई समस्या हो तो वह पहले अवगत करा दें जिससे उसे दुरुस्त किया जा सके। अली शेर निवासी रुदा मऊ ने कहा कि गांव की ताजिए कस्बे को जाने के लिए रेलवे अंडर पास से होकर गुजरेगा। लेकिन अंडर पास में बरसात का पानी भरा है जिससे उसमें निकलना मुश्किल है। इस मौके पर चेयरमैन अनुराग मिश्र, हबीबुल रहमान, अनिल कश्यप, शिवेंद्र सिंह, रिजवान,मो .अनस, शकील अहमद, महमूद अली, दिलशाद, अनीश अहमद सभासद संजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने मन की बात कार्यक्रम सुनकर किया पौधरोपण

संवाददाता, हरदोई,



प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती।



शाहाबाद में पौधरोपण करते भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू।

**आयोजन**

▸▸ बलिदान दिवस पर डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से रविवार को राष्ट्र को सम्बोधित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र भाजपा अनुसूचित मोर्चा पीके वर्मा ने नगर मंडल के बूथ संख्या 223 एसडी कॉलेज में भाजपा पदाधिकारी व क्षेत्रवासियों के साथ कार्यक्रम सुना।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमावती ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पौध रोपण किया।

शाहाबाद में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी अवनीश सिंह व एमएलसी अंगद सिंह ब्लॉक शाहाबाद पहुंचे। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की, इसके उपरांत पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के एक पेड़ मां के नाम अभियान क्रम में ब्लॉक परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत, केन ग्रोबर्स सोसाइटी हरदोई के अध्यक्ष रंजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, अनुज राजपूत मंडल अध्यक्ष उधरनपुर, देवराज सिंह निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, पप्पू मिश्रा प्रधान, प्रधान, सतीश राठौर सहित भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

शाहाबाद ब्लॉक के ग्राम पन्योरा बल्लिया में ब्लॉक प्रमुख ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर कार्यकर्ताओं को डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। पठकाना के बूथ पर नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू के नेतृत्व में मां की बात कार्यक्रम को सुना गया। नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू ने कहा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी क्रांतिकारी राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने देश में जनसंघ की स्थापना की। पिहानी कस्बे में गोपामऊ चुंगी डाक बंगला रोड पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने पेड़ लगाए और प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम भी सुना। टड़ियावां संवाददाता के अनुसार भाजपाइयों ने पौधरोपण कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप मनाया गया।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी की महिला मंडल उपाध्यक्ष दीपा विश्वास ने बूथ क्रमांक 426 पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री मंगत राम और समाजसेवी अमित विश्वास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कई अन्य कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया

### युवक ने तालाब में लगाई छलांग, शव बरामद

**हरदोई, अमृत विचार।** घरेलू बात पर युवक इतना खफा हो गया कि उसने गांव के बाहर तालाब में छलांग लगा दी,इसका पता होने पर वहां काफी लोग पहुंचे और तालाब में उसे ढूंढने लगे,काफी देर बाद उसका शव बाहर निकाला गया। पुलिस ने रविवार को दूसरे दिन उसका पोस्टमार्टम कराया है। पचदेवरा गांव निवासी आशाराम के 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक की शादी नहीं हुई थी। शनिवार को घर में कुछ ऐसी बात हो गई। जिससे खफा हुआ अभिषेक बाहर निकल पड़ा और गांव के बाहर पहुंच कर वहां तालाब में छलांग लगा दी, उसे छलांग लगाते देख मौजूद लोग चीखने-चिल्लाने लगे, वहां काफी लोग पहुंच गए और उन्होने तालाब में उसे ढूंढना शुरु कर दिया, काफी देर बाद उसका शव तालाब से बाहर निकाला गया। उसके चाचा देवव्रत ने बताया कि घरेलू बात पर नाराज़गी बनी थी।

# मंत्री ने ग्रामीण बस सेवा को दिखाई हरी झंडी

## पांच मार्गों पर होगा संचालन, ग्रामीण क्षेत्रों से हरदोई शहर के लिए आवागमन होगा आसान

संवाददाता, हरदोई




ग्रामीण बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का कार्य कर रही है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात के संसाधनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। लगातार जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों की मांग पर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों का संचालन किया जा रहा है।

हरदोई से एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों को शहर से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा पांच मार्गों पर बसों का संचालन जनपद के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्र के लिए किया गया है। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। नितिन अग्रवाल द्वारा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ग्रामीण क्षेत्र के लिए बसों का संचालन शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र से हरदोई आने वाले व जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी साथ ही राज्य सड़क परिवहन निगम की आय में भी वृद्धि होगी।

राज्य ड़क परिवहन निगम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की जनता की जरूरत को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों को जनपद से जोड़ने के लिए ग्रामीण बस सेवा का संचालन शुरू किया है। हरदोई डिपो से पहली ग्रामीण बस सेवा हरदोई, पिहानी, जहानीखेड़ा, मैगलगंज होते हुए लखीमपुर तक संचालित की जाएगी। यह बस हरदोई से शाम 5:30 पर चलेगी वहीं वापस यह बस लखीमपुर से सुबह 7:00 चलकर मैगलगंज,जहानीखेड़ा,पिहानी होते हुए हरदोई पहुंचेगी। दूसरी ग्रामीण बस सेवा हरदोई पिहानी बरगवां सीतापुर के बीच संचालित की जाएगी यह बस शाम 6:00 बजे हरदोई से चलेगी वापसी में सीतापुर से सुबह 8:00 बजे यह बस चलकर बरगवां पिहानी हरदोई पहुंचेगी। तीसरी ग्रामीण बस सेवा हरदोई ,पालपुर, अहिरोरी होते हुए सीतापुर के लिए शाम 6:30 पर चलेगी वापसी में सीतापुर से सुबह 7:30 पर चलकर अहिरोरी, पालपुर होते हुए हरदोई पहुंचेगी। चौथी ग्रामीण बस सेवा हरदोई,सांडी,कुसुमखोर होते हुए कन्नौज के बीच चलेगी यह बस शाम 7:00 बजे हरदोई से संचालित होगी वापसी में कन्नौज से सुबह 7:00 बजे यह बस चलकर कुसुमखोर,सांडी होते हुए हरदोई पहुंचेगी। पांचवी ग्रामीण बस सेवा हरदोई से संडीला,कुरसठ होते हुए लखनऊ तक संचालित होगी। यह बस शाम 7:00 बजे चलेगी वापसी में लखनऊ से सुबह 8:00 बजे यह बस चलकर कुरसठ, संडीला होते हुए हरदोई पहुंचेगी। उत्तर प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे किसानों युवाओं छात्र-छात्राओं को बस सेवा संचालित होने पर बधाई दी।

## शारदा नहर में डूबे युवक का शव छठें दिन हुआ बरामद

संवाददाता, हरदोई/माधौगंज

**परिजनों में कोहराम**

▸▸ 25 जून को दोस्तों के साथ नहाते समय डूब गया था

**अमृत विचार।** दोस्तों के साथ शारदा नहर में नहा रहा युवक गहरे पानी में डूब गया था। तब से उसकी तलाश की जा रही थी। गोताखोरों की टीम बराबर उसे ढूंढने में जुटी रहीं। रविवार को छठें दिन उसका शव नहर के किनारे झाड़ियों में फंसा हुआ देखा गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

बताते चलें कि कासिमपुर थाने के रसूलपुर निवासी 20 वर्षीय कामता पुत्र आशाराम 23 जून सोमवार को अपने दोस्त शिवकुमार निवासी भिठाई के घर पहुंचा,उसके साथ कुछ और दोस्त थे,उसके अगले दिन 24 जून मंगलवार को कामता अपने दोस्तों के साथ शारदा नहर में नहाने गया और वहीं गहरे पानी में डूब गया था। इसका पता होते ही एसएचओ माधौगंज विजय कुमार ने युवक की तलाश में पुलिस के साथ गोताखोरों की टीमें लगा दी, तब से उसकी तलाश की जा रही थी। रविवार को नहर का पानी कुछ कम हुआ, उसी बीच काजीपुर गांव के पास नहर के किनारे झाड़ियों में शव फंसा होने का पता चला, वहां पहुंचे गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला,शव की पहचान कामता के रूप में होने से उसके घर में कोहराम बरपा हो गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए मामले की जांच शुरु कर दी है।

# 6 वर्षीया बच्ची की हत्या कर शव नाले में फेंका

संवाददाता, हरदोई/भरखनी



आरोपी से पूछताछ करते एसपी नीरज कुमार जादौन व बच्ची की फाइल फोटो (इनसेट में)।

**जांच-पड़ताल शुरू**

▸▸ गांव निवासी एक व्यक्ति का नौकर गिरफ्तार, दुष्कर्म के बाद हत्या करने की आशंका

**अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई और शव नाले में फेंक दिया। पुलिस ने घरेलू नौकर की निशानदेही पर बच्ची का शव नाले से बरामद किया। 6 साल की बच्ची के साथ रेप और उसके बाद हत्या कर शव फेंकने की अटकलें लगाई जा रहीं हैं। रविवार की सुबह बच्ची अचानक गायब हो गई थी। वहां पहुंचे एसपी नीरज कुमार जादौन ने इलाकाई पुलिस को जल्द खुलासे के निर्देश दिए है,साथ ही फोरेंसिक टीम को जांच सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पचदेवरा थाने के हरदासपुर गांव निवासी रवि शुक्ला की 6 वर्षीय पुत्री रिशु उर्फ अविका रविवार सुबह करीब 9 बजे अचानक लापता हो गई। देर तक दिखाई न देने पर घर वाले उसे ढूंढने लगे। लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। उसी बीच पुलिस ने शक की बुनियाद पर गांव में सेवानिवृत्त फौजी ऋषिकांत के घरेलू नौकर सचिन को पकड़ा और उससे पूछताछ की। पुलिस की सख्ती पर सचिन टूट गया। पुलिस ने उसी की निशानदेही पर शाम करीब 5 बजे गांव के पास नाले से बच्ची का शव बरामद किया। ग्रामीणों ने दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की है। फिलहाल पुलिस सचिन से पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि रवि शुक्ला कानपुर में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं, जिनके दो बेटियां हैं, रिशु उर्फ अविका बड़ी थी। इसका पता होते ही एसपी नीरज कुमार जादौन, सीओ शाहाबाद अनुज मिश्रा फारेंसिक टीम के साथ पहुंचे। एसपी ने ने बच्ची के परिजनों से बातचीत करते जानकारी जुटाई। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## चार भाइयों पर गिरी दीवार एक की मौत व तीन घायल

संवाददाता, हरदोई

**घटना**

▸▸ घर में चारपाई पर बैठकर बातचीत करते समय हुआ हादसा

**अमृत विचार।** चार सगे भाई अपने पड़ोसी के साथ चारपाई पर बैठे हुए थे। उसी बीच उनकी ही पक्की दीवार ऊपर गिर पड़ी। जिससे सभी लोग मलबे के नीचे दब गए। ग्रामीणों ने तुरंत सभी को बाहर निकाल कर मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां बड़े भाई की मौत हो गई जबकि दो छोटे भाइयों व पड़ोसी का इलाज चल रहा है।

बताया गया है कि रविवार की शाम को सुरसा थाने के हुसियापुर निवासी राकेश (50) अपने छोटे भाई वीरेंद्र (40), सुनील (35) और पड़ोसी विद्याराम (50) के साथ चारपाई पर बैठा हुआ था। उसी बीच मकान की पक्की दीवार एका-उनके सभी के ऊपर गिर पड़ी। जिससे सारे लोग मलबे के नीचे दब गए। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आस-पड़ोसी दौड़ पड़े। जिन्होने मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाल कर उन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पहुंचते ही राकेश की मौत हो गई। राकेश के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटे और एक बेटी है। हादसे से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है।

## सार-संक्षेप




व्यापारियों को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

### भामाशाह राष्ट्रीय अस्मिता के गौरव व प्रतीक : विमलेश

**हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित ने बताया कि व्यापारी कुल में जन्मे दानवीर भामाशाह राष्ट्रीय अस्मिता के गौरव और प्रतीक रहे हैं। दानवीर भामाशाह व्यापारी तो थे ही मेवाड़ के महाराजा महाराणा प्रताप के महामंत्री भी थे। जब मेवाड़ की अस्मिता पर आंच आई तो भामाशाह ने अपनी कुल संपत्ति को महाराणा प्रताप को सौंप दिया और मुगलों से मेवाड़ को स्वतंत्र कराने में महाराणा का सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन आईटी सेल जिलाध्यक्ष भरत पांडे ने किया। इस मौके, प्रदेश संगठन मंत्री अजय टंडन, प्रदेश मंत्री विभू गुप्ता, शहर अध्यक्ष कैलाश कुमार गुप्ता, नगर प्रभारी गिरीश गुप्ता, आकाश शुक्ला व लीला पाठक आदि मौजूद रहे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने रविवार को मेडिकल कॉलेज गेट पर स्थित भारतीय रोटी बैंक पर राष्ट्र के गौरव महादानवीर भामाशाह की जयंती पर आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए उनके त्याग और बलिदान को याद किया गया।

### ऑटो रोककर हमला कर चार लोगों ने की मारपीट

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में एक परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। नेकपुर नेवादा निवासी गौरव अपनी चाची मीरा और बीमार भाभी रीता को ऑटो से बिलग्राम अस्पताल ले जा रहा था। तेरवा चांदपुर गांव के पास चार लोगों ने रास्ता रोक लिया। आरोपियों में रहीश खान के तीन बेटे चंदू, राजू, सानू और बगुलहिया निवासी विपिन प्रधान शामिल थे। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में गौरव और उनके बीमार भाई राहुल के सिर में चोटें आईं। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित गौरव की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### पैसा लेकर दूसरे की भूमि का कराया बैनामा, केस दर्ज

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला होलीकलां निवासी पीड़ित ने एसपी से मिलकर गलत भूमि का बैनामा करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। एसपी नीरज कुमार जादौन के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित शिव शरण त्रिपाठी के अनुसार पिहानी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नागर निवासी लईक अहमद ने मोहल्ला कोटकलां निवासी आशु व्याला और ग्राम सरहेजू के मजरा पंचम पुरवा निवासी तेहंद्र सिंह के साथ मिलकर परगना पंडरवा के अब्दुल्ला नगर में एक भूमि का 26 मई को तीन लाख रुपए लेकर उसके नाम बैनामा कर दिया। पीड़ित जब उक्त भूमि का उपभोग करने पहुंचा तो वहां पूर्व से मकान और सड़क निर्माण किया जा चुका था। बताया कि विपक्षियों ने साजिश कर उसे गलत भूमि का बैनामा कर दिया।

### बारिश में फिसली कार खाईं में गिरी, दंपति घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** रिश्तेदारी में गए पति-पत्नी सीतापुर से वापस लौट रहे थे,उसी बीच रास्तें में बारिश होने लगी,जिससे उनकी स्विफ्ट कार के पहिए फिसले और वह खाईं में जा गिरी,जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को बाहर निकल कर उन्हे इलाज के लिए भेजा गया है। कोतवाली शहर के रेलवे गंज निवासी देवेंद्र मिश्रा पुत्री महावीर मिश्रा पत्नी कमला मिश्रा के साथ रिश्तेदारी में सीतापुर गया हुआ था,रविवार की शाम दोनों वहीं से कार से वापस लौट रहे थे।रास्ते में बारिश होने लगी, टड़ियावां थाने के खेरवा दलौली के पास पहुंचते पहिए फिसलने से कार खाईं में जा गिरी। जिससे देवेंद्र और उसकी पत्नी दोनों घायल हो गए। पुलिस ने गांव वालों की मदद से दोनों को खाईं में पड़ी कार से बाहर निकाल कर इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया।



हादसे में घायल दंपति।

### सान्या छाबड़ा बनीं हरदोई की सीडीओ

**हरदोई, अमृत विचार।** शासन ने सीडीओ सौम्या गुरुरानी के छुट्टी पर चले जाने के बाद उ.प्र.राज्य पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक आईएएस सान्या छाबड़ा को हरदोई का सीडीओ बनाया है। शासन ने रविवार को जिन आठ आईएएस अफसरों के तबादले किए है, उनमें सान्या छाबड़ा का नाम सूची में 7वें नंबर पर दिया गया है।



नवागत सीडीओ सान्या छाबड़ा।

# युवक ने ससुर के साथ मिलकर बड़े भाई को पीटा, मौत

संवाददाता, हरदोई, कछौना





राजेश की फाइल फोटो व रोते-बिलखते परिजन।

**अमृत विचार।** छोटे भाई ने नशे की हालत में अपने प्रधान ससुर के साथ मिलकर बड़े भाई के घर पर चढ़ाई कर दी। दोनों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से जमकर पिटाई की। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

कछौना कोतवाली के पैरा गांव निवासी राजेश कश्यप (49) शनिवार को घर में था। पास में गर्भवती पत्नी दीपा भी बैठी थी। उसी बीच राजेश का छोटा भाई राममूर्ति कश्यप अपने ससुर रामखिलावन प्रधान ढ़कौल के साथ नशे की हालत में पहुंचा और बच्चों के बीच हुई लड़ाई की बात पर गाली-गलौज करने लगा। रामखिलावन और राममूर्ति ने मिलकर राजेश की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पत्नी के शोर मचाने पर पड़ोसी दौड़े तो हमलावर वहां से भाग निकले। राजेश को वहां से एक निजी हास्पिटल पहुंचाया गया, हालत कुछ सही होने पर पत्नी दीपा उसे घर ले आई। उसके बाद दोबारा तबियत बिगड़ने पर राजेश को सीएचसी ले जाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। बताते हैं कि राजेश कश्यप मछली पालन से गुज़र-बसर करता था। परिवार में चार बेटियां हैं, पत्नी गर्भवती है। पत्नी दीपा ने पुलिस को दी तहरीर में देवर राममूर्ति कश्यप और उसके ससुर रामखिलावन को आरोपी ठहराया है। घटना के बाद आरोपी राममूर्ति व उसका ससुर राम खिलावन दोनों फरार हो गए। पुलिस ने प्रधान के पुत्र को हिरासत में लिया है।

### पेट की तिल्ली फटने से हुई राजेश की मौत

रविवार को राजेश के शव का पोस्टमार्टम किया गया। जिसकी रिपोर्ट में कहा गया है कि पेट की तिल्ली फटने से राजेश की मौत हुई। पिटाई में राजेश के पेट में काफी अंदरुनी चोंटे पहुंची, तिल्ली पूरी तरह से फटी हुई निकली।

**कथा** श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर प्रेम और सहज भक्ति का संदेश, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने लिया आशीर्वाद

# जातिवाद नहीं, प्रेम व समरसता का संदेश देता है सनातन धर्म

संवाददाता, हरदोई



कथा व्यास की आरती करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आरआर इंटर कॉलेज मैदान में चल रहे 11 दिवसीय श्रीराम कथा एवं पर्यावरण सुरक्षा यज्ञ महोत्सव के अष्टम दिवस की कथा में श्रद्धा, समर्पण और सनातन धर्म की मूल चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास शिवानंद भाई जी महाराज के सान्निध्य में श्रीराम कथा का यह दिवस धर्म, मर्यादा, प्रेम और सरल भक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा। महाराज श्री ने व्यास पीठ से सनातन धर्म की महिमा का बखान करते हुए कहा कि यह केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि जीवन की एक पवित्र शैली है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म जातिवाद नहीं, प्रेमवाद को बढ़ावा देता है, जहां पशु, पक्षी, वृक्ष, जल, वायु सब पूज्य हैं। रामचरितमानस के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने समझाया कि रामजी ने अपने वनवास काल में राजाओं से नहीं, बल्कि केवट, शबरी और आदिवासियों जैसे सरल हृदय जनों से आत्मीय संबंध बनाए। यह स्पष्ट संकेत है कि राम का सनातन धर्म समरसता और समानता का पोषक है।

श्री राम कथा का अष्टम दिवस केवल कथा श्रवण नहीं, बल्कि सनातन धर्म की आत्मा को हृदयंगम करने का सजीव अवसर बना। श्रीराम के मर्यादा, करुणा और प्रेमपूर्ण आचरण से प्रेरणा लेने की कथा व्यास जी की अपील ने पंडाल में मौजूद श्री राम कथा प्रेमियों को धर्म, संस्कृति और संस्कार की रक्षा के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। अन्न क्षेत्र की व्यवस्था की जिम्मेदारी आर आर इंटर कालेज प्रबंधिका कीर्ति सिंह के सानिध्य में रही। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कथा का रसपान किया तथा रामचरितमानस की आरती उतारकर कथा व्यास से आशीर्वाद लिया।

### युवती को फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती के लापता होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पिता की लिखित तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित के अनुसार 27 जून की रात उसकी 19 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुत्री को उसने काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। शक है उसकी पुत्री जिस मोबाइल नंबर पर बात किया करती थी, वही उसे फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर हुआ हादसा, टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित लखनऊ की ओर फरार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



अभिषेक की फाइल फोटो।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद गमगीन परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर देर रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और पास मिले मोबाइल फोन से परिजनों को घटना की जानकारी देकर शव मोर्चरी में रखवाया। इसकी खबर मिलते मोर्चरी पहुंचे परिजनों में चीखपुकार मच गई।

बिहार थाना क्षेत्र भैरमपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार (38) पुत्र द्वारिका प्रसाद कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कौशल नगर जेके कालोनी निवासी अपनी बहन शैलजा पत्नी विनोद कुमार के घर गया था। शनिवार देर रात वहां लौटते समय अचलगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर आजाद मार्ग चौराहा से करीब 500 आगे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर सड़क पर गिर गया। इसी दौरान वाहन ने उसे रौंद दिया। इससे उसकी मौत हो गई। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित लखनऊ की ओर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पास मिले मोबाइल फोन से उसकी शिनाख्त करा परिजनों को सूचना दी। इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। अभिषेक प्राइवेट नौकरी करता था और इसी से अपने परिवार की जीविका चलाता था। वह चार भाइयों में बड़ा था। पति की मौत से पत्नी रीता देवी, बेटी पारुल, बेटा सत्यम, वृद्ध मां शांति का रो-रोकर बेहाल है। पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ राजेश पाठक ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### अनियंत्रित बाइक फिसलने से युवक की मौत, चचेरा भाई घायल



दीपक की फाइल फोटो।

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** दही-पुरवा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा साथी गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करा शव मोर्चरी भेजा है। दही थाना क्षेत्र रायपुर बुजुर्ग गांव निवासी दीपक सिंह (23) पुत्र उदयभान अपने चचेरे भाई राहुल (20) पुत्र राजोल सिंह के साथ रविवार शाम करीब 4 बजे किसी काम से दही चौकी तिराहा जाने के लिए घर से निकले थे। तभी उन्नाव-पुरवा मार्ग पर गांव के बाहर उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे दोनों भाई सड़क गिर कर काफी दूर तक घसीटते चले गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। वहीं राहुल का इलाज चल रहा। युवक की मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीखपुकार मची है। युवक के परिजनों ने सूचना पर पहुंची क्षेत्रीय पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

## सार-संक्षेप

### पीएसी के जवान की बरेली में हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** माखी थानाक्षेत्र के पूरा निस्फपुरवा गांव के निवासी पीएसी के आठवीं बटालियन में तैनात मुख्य आरक्षी बरेली में अपने आवास पर गिरने से सिर में आई गंभीर चोटों से मौत हो गई। विभागीय अफसरों से इसकी खबर मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना मिलते परिजन बरेली निकल गए। माखी थानाक्षेत्र के पूरा निस्फपुरवा गांव निवासी रणवीर सिंह (56) पीएसी में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। शनिवार सुबह वह नहाने के लिए जा रहे थे। तभी उनका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वह सिर के बल फर्श पर गिर कर गंभीर घायल हो गए। अचेत हालत में उसे साथी अस्पताल लाए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजन बरेली निकल गए थे। देर रात तक शव घर पहुंचेगा। पत्नी सुमन ने बताया कि पति के सेवानिवृत होने के अभी चार साल बाकी थे।

### रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पूर्व चेयरमैन घायल

**संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत ऊगू में शनिवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना में पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और अभद्रता के आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित ने बताया कि वह बाइक से आटा मील जा रहे थे, तभी नगर निवासी सुरेन्द्र व उनके पुत्र अनुज ने रास्ते में रोककर मारपीट की। मारपीट के दौरान वह बेहोश होकर गिर पड़े। बचाव में आई वर्तमान चेयरमैन अनीता को भी जातिसूचक गालियां देते हुए पीटा गया। आरोपी घर में घुसकर भी मारपीट करते रहे। दूसरी ओर सुरेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि वह दुकान पर बैठे थे तभी अनुज दीक्षित, अनुपम, अवधेश व अखिलेश ने आकर गाली-गलौज व मारपीट की। चिल्लाने पर बेटा और भतीजा पहुंचे, तो धमकी देकर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बकरी के विवाद में महिला से मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लोचन खेड़ा गांव में खेत में बकरी घुसने के विवाद में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोचन खेड़ा निवासी राधेश्याम की पत्नी राधा ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले खेत में बकरी घुस गई थी, जिसको लेकर गांव के ही नन्हकवी, कमलेश उर्फ दउवा, नंदी और कांति ने विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीट दिया। मारापीट से महिला को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को मेडिकल के लिए भेजा और आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 17 जोड़े मतभेद भुलाकर एक साथ रहने को राजी

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** परिवार परामर्श केंद्र व महिला हेल्प डेस्क के प्रयास से रविवार को आपसी सुलह समझौते के आधार पति-पत्नी के बीच उपजे विवाद को समाप्त कराया गया। इसके बाद 17 जोड़े मतभेद भूलकर फिर एक साथ रहने को राजी हुए। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर पुलिस लाइन एवं जिले के विभिन्न थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। टीम द्वारा उनकी काउंसिलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया। इसके बाद महिला थाना से 5, गंगाघाट कोतवाली से 4, औरास, बांगरमऊ से 2-2, बेहटा मुजावर, सदर कोतवाली, बारासगवर व सफीपुर कोतवाली से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इसमें परिवार परामर्श समिति के प्रभारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव एवं सलाहकारों में डा. समीर अहमद, डॉ. अवसार अली, महिला हेल्प डेस्क की प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह, कांस्टेबल लक्ष्मी सिंह, कीर्ति सिंह, प्रीति चौहान, अजेता राजवंशी, सुमन यादव, नीलम आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## एचटी लाइन की चपेट में आकर प्राइवेट लाइनमैन की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** असोहा थाना क्षेत्र के गांव गुरबक्स खेड़ा गांव निवासी नंदकिशोर का 30 वर्षीय बेटा मनोज रावत विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ निजी तौर पर कार्य करता था। रविवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे पड़वा खेड़ा उपकेंद्र के दरसवां फीडर से संचालित लालाखेड़ा चौराहा के पास मनोज हाइटेंशन लाइन में लगे पोल में चढ़कर कुछ काम कर रहा था। तभी अचानक आपूर्ति चालू होने से वह करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया। ग्रामीण ने उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगा कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के अधिकारी मनोज को निजी तौर पर साथ रखकर कार्य कराते थे। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। मनोज की मौत से मां गीता,पत्नी सुमन, बेटा लकी, बेटी माही बेहाल रहे। वहीं विद्युत विभाग के जेई संतोष ने बताया कि मनोज विभाग में कोई कर्मचारी नहीं था। वह विद्युत पोल पर चढ़कर कैसे कार्य कर रहा था। घटना की जानकारी नहीं है।

## अश्लील हरकत करने का आरोपी फरार, गांव में तनाव

संवाददाता, सफीपुर (उन्नाव)



गांव में मौजूद सीओ सफीपुर मधुपनाथ मिश्रा व प्रभारी एसएन त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार शाम आठ वर्षीय दलित बालिका के साथ हुई अश्लील हरकत के आरोपी को पकड़ने में एसओजी समेत तीन पुलिस टीमें अब तक विफल रही हैं। लगातार प्रयासों के बावजूद आरोपी नौशाद अली पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वहीं, घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसको लेकर प्रशासन ने पीएसी और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है।

घटना के अनुसार, शुक्रवार शाम दलित किशोरी गांव के परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी, जहां दुकानदार नौशाद अली ने अश्लील हरकत कर उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। मामले की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर तीन टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। शनिवार को गांव में सन्नाटा छाया रहा, जबकि रविवार को गोंडा, कानपुर, हरदोई, रायबरेली और उन्नाव से आए पासी समाज व अन्य दलित संगठनों के लोगों ने गांव पहुंचकर पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए सीओ मधुपनाथ मिश्र को ज्ञापन भी सौंपा। कानपुर से आए राजू सरोज ने कहा कि इतनी गंभीर घटना के दो दिन बीतने के बावजूद आरोपी का न पकड़ा जाना चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन से आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये गांव में पीएसी तैनात की गई है। उधर, सीओ मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि गांव में पीएसी और पुलिस बल तैनात है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिशें लगातार जारी हैं।

**सफीपुर कोतवाली के गांव का मामला, पीएसी और भारी पुलिस बल तैनात**

# गांव का प्रधान बन गया मनरेगा मजदूर, खूब की कमाई

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**भ्रष्टाचार**

**शरमा फत्तेपुर ग्राम प्रधान ने परिवार और अपने ऊपर जमकर लुटाई मजदूरी**

**अमृत विचार।** गांव स्तर पर गरीबों को 100 दिन रोजगार की गारंटी देने के लिये सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना लांच की गई लेकिन गरीबों और मजदूरों के हक की यह योजना भी भ्रष्टाचार की दीमक से नहीं बच सकी। ग्रामीण अंचलों में ग्राम प्रधान व पंचायत सेक्रेटरियों ने इस योजना के नियमों को ताक पर रखकर मनमाने तरीके से क्रियान्वयन शुरू कर दिया। जिसके चलते जरूरतमंद गरीब लोग योजना में पात्र होते भी लाभान्वित नहीं हो सके। दूसरी ओर गांव में सम्पन्न व प्रभावशाली लोग के अलावा प्रधान के परिवार व रिश्तेदारों को जॉब कार्ड जारी कर बिना काम किए मजदूरी का बंदरबांट किया गया है।

ऐसा ही वाकया विकास खण्ड शाहाबाद की शरमा फत्तेपुर ग्राम पंचायत में प्रकाश में आया है। यहां मनरेगा एक्ट के नियमों को धता बताकर ग्राम प्रधान दयाशंकर ने पंचायत सेक्रेटरी से सांठगांठ कर मनरेगा जॉब कार्ड को अपने परिवार में ही रेवड़ियों की तरह बांटकर मजदूरी का गोलमाल किया है। सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि शरमा गांव का प्रधान खुद मनरेगा योजना में मजदूरी कर पैसे कमा रहा है। जाब कार्ड संख्या यूपी-30-029-064-002/26 ग्राम प्रधान दयाशंकर के नाम जारी है। जिसमें ग्राम प्रधान ने अपने पिता भीखम को भी जोड़ कर मनरेगा मजदूरी का भुगतान किया है। वर्क डिमांड आईडी 75519 से ग्राम प्रधान ने स्वयं 14 मई 2022 से 27 मई 2022 तक कार्य किया गया है। इसके अलावा वर्क डिमांड आईडी 46435 से 29-5-2021 से 11-5-2021, वर्क डिमांड आईडी 6-10-2021 से 19-102021 तक स्वयं कार्य किया है। इसके अलावा प्रधान के पिता भीखम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 28 दिन काम करके 5712र रूपये, 2023-24 में 73 दिन काम के बदले 16790 रूपये, 2024-25 में 80 दिन काम कर 18,960 रुपया प्राप्त किया है। कुल मजदूरी 41, 462 रुपये का भुगतान प्राप्त किया है।

इसी प्रकार प्रधान की माता शीला देवी पत्नी भीखम भी मनरेगा योजना में काम कर रही हैं। जिनका जाब कार्ड संख्या यूपी 30-029--064-002/619 है। प्रधान ने अपनी माता को 2821-22 में 28 दिन काम दिया जिसके बदले 5712 रूपये मजदूरी भुगतान की। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरे 100 दिन काम देकर मजदूरी का भुगतान 29411.94 पैसा का भुगतान किया है। इसके अलावा अपने सगे भाई अंकुर पुत्र भीखम का जाब कार्ड संख्या यूपी 30-029-064-002/677 जारी कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 41दिन की मजदूरी 8, 364 वित्तीय वर्ष 2022-23 में 83 दिन की मजदूरी 17, 679रू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 81 दिन की मजदूरी का भुगतान 18, 630 व वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 दिन की मजदूरी 23, 699.94 रूपये का भुगतान किया। इस प्रकार प्रधान ने अपने सगे भाई को मजदूर के रुप में 68,342.94 रूपया दिया है। इसके अलावा अगर गहराई से जांच की जाये तो और परिवार के लोगों के जाब कार्ड निकलेंगे जिन लोगों ने बिना काम किए नियम विरुद्ध मजदूरी प्राप्त की है, जो कि मनरेगा एक्ट के नियमों के एकदम विपरीत है।

### ब्लॉक के अधिकारियों ने नहीं रिसीव की फोन कॉल

शाहाबाद के खंड विकास अधिकारी दिनेश शर्मा से उनके सरकारी सीयूजी नंबर तथा प्राइवेट मोबाइल नंबर से उनका वर्जन लेने का प्रयास किया गया लेकिन लगातार घंटी जाती रही मोबाइल से कोई रिस्पांस नहीं मिला। ठीक इसी तरह ग्राम पंचायत अधिकारी आक्रोश कुमार वर्मा के मोबाइल पर भी लगातार घंटी जाती रही लेकिन कोई रिस्पांस नहीं दिया गया।

## आधा दर्जन बकाएदारों के काटे कनेक्शन

संवाददाता, हरदोई, पिहानी



**अमृत विचार।** बिजली महकमें ने बकाएदारों से वसूली के लिए अभियान शुरु कर दिया है। टीम ने पिहानी कस्बे में घूम-घूम कर आधा दर्जन बकाएदारों के कनेक्शन काटे और दूसरे बकाएदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि बकाया जमा करें,वरना जुर्माना भुगतने को तैयार रहें।

बताया कि एक वाणिज्य कनेक्शन पर कई दुकानों में सप्लाई के मामले में बिजली विभाग कार्रवाई करने जा रहा है। शहरी क्षेत्र में अगर कोई उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से दुकान की बिजली चलाता है तो उसे तुरंत नया कमर्शियल कनेक्शन लेना होगा। साथ ही एक कमर्शियल कनेक्शन से केवल एक ही दुकान पर बिजली चलाये, अगर एक कनेक्शन पर दो या अधिक दुकानों पर बिजली चला रखी है तो तुरन्त प्रत्येक दुकान का अलग अलग कनेक्शन स्वीकृत करा ले। यह कार्य उपभोक्ता स्वयं बिजली घर पर आकर करा लें। जांच के दौरान पकड़े जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

### लो-वोल्टेज ने उड़ाई रात की नींद व दिन का चैन

**हरदोई, अमृत विचार।** पिहानी में बिजली बकाया वसूलने गई टीम के सामने बिजली न आने और लो वोल्टेज का मामला उठा। मोहल्ले के लोगों ने बिजली की आवाजाही, ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज से परेशानी बताई। भीषण गर्मी के बीच लो-वोल्टेज के कारण पंखे और कूलर पूरी क्षमता से नहीं चल रहे हैं। अधिकतर ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड हैं। इस दौरान उमस भरी गर्मी हो रही है। ऐसी गर्मी में निर्बाध आपूर्ति के लिए उपभोक्ता तरस गए है। जबकि सरकार ने निर्बाध आपूर्ति के तमाम दावे किए थे। गर्मी से पहले लाइनों की मरम्मत के साथ ही ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाई गई थी। वह दावे हवा-हवाई साबित हुए इस समय लो-वोल्टेज और बिजली की आवाजाही रहती है। इससे लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि वोल्टेज इतने कम आते है कि स्टेबलाइजर भी काम नहीं कर पा रहे हैं। लो-वोल्टेज से पंखे कूलर नहीं चल पाते हैं। सबमर्सिबल न चलने से पेयजल का संकट हो गया है। इन्वर्टर भी चार्ज नहीं हो रहे हैं।

## रेलवे ट्रैक पर पड़े मिले बुजुर्ग के शव की बेटे ने की शिनाख्त

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ-बरेली रेलवे रूट पर चांदमारी के सामने ट्रैक पर बुज़ुर्ग का शव पड़ा मिला था। रविवार को तीसरे दिन उसकी शिनाख्त कर ली गई है। बुज़ुर्ग साण्डी का निवासी था और 26 जून से लापता था। जिसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।

बताते चलें कि शुक्रवार की भोर पहर चांदमारी के सामने रेलवे ट्रैक पर दो टुकड़ो में शव पड़ा मिला था। कोतवाली देहात पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी। शनिवार को साण्डी कस्बे के मोहल्ला खिड़किया निवासी दृगपाल कोतवाली देहात पहुंचा। जहां उसने फोटो देखकर अपने पिता के रूप में शव की शिनाख्त की। दृगपाल ने बताया कि उसके पिता राम चन्द्र (60) 26 जून को बाज़ार गए थे। तभी से लापता थे। शनिवार को उसने थाने में तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई थी। राम चन्द्र के परिवार में तीन बेटे व एक बेटी है। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव उसके घर वालों को सौंप दिया।

## गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव, चचेरे भाइयों पर आरोप

संवाददाता, हरदोई



एक आरोपी की पत्नी के साथ युवक के थे अवैध संबंध

**अमृत विचार।** चार बहनों में इकलौते भाई का शव गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका मिला। युवक के चचेरे भाइयों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया गया है। घटना के पीछे प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली देहात के बडौरी गांव निवासी राकेश की चार बेटियों में 22 वर्षीय अनूप इकलौता बेटा था। शनिवार की रात में अनूप घर से कहीं चला गया था। रविवार की सुबह गांव के बाहर पेड़ पर उसका शव गमछे से फांसी पर लटका देखा गया। अनूप के पिता राकेश ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसका भतीजा दिनेश पुत्र जदुनाथ का पड़ोस में मकान है। अनूप का उसके घर आना-जाना था। बकौल राकेश दिनेश की पत्नी के साथ बेटे अनूप का साथ प्रेम-प्रसंग हो गया था। हालांकि उसने अनूप को बार-बार मना किया, लेकिन माना नहीं। आरोप है कि दिनेश ने अनूप को फोन पर बुलाया और अपने भाई पिंटू के साथ मिलकर हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सर्प दंश से पीड़ित बालक मेडिकल कॉलेज में मौत



**हरदोई, अमृत विचार।** शौच को जा रहे युवक को सांप ने काट लिया। युवक की मौत के बाद परिजन शव को लेकर इधर-उधर गांवों में झांड-फूंक कराते रहे। लेकिन कोई हल नहीं निकला। बाद में पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका दूसरे दिन पोस्टमार्टम कराया है।

बेहटा गोकुल थाने के सिकंदरपुर बाज़ार निवासी अमरेंद्र कुमार का आठ वर्षीय इकलौता बेटा सोनू प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था। उससे बड़ी बेटी कल्पना और छोटी बेटी सुषमा है। शनिवार की सुबह सोनू घर से शौच के लिए निकला, वह मकान के पीछे पहुंचा, उसी बीच उसे सांप ने डंस लिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अमरेंद्र ने बताया कि सोनू उसका इकलौता बेटा था, लोगों ने उससे झांड-फूंक कराने के लिए कहा तो एक उम्मीद में बेटे को लेकर कई गांवों में दौड़ा लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

### ट्रक ने युवक को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम गोसवां में सड़क किनारे खड़े युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्राम गोसवां निवासी आर्यन शुक्ला पुत्र शैलेंद्र शुक्ला दोपहर 1:30 बजे मल्लावा संडीला मार्ग पर बसवा गांव में सड़क किनारे खड़े थे, तभी पीछे से संडीला की ओर से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। आर्यन को सीएचसी लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**समस्या** नालों व नालियों की सफाई के आदेश पर नहीं हुआ अमल

## हल्की बारिश में ही नगर बन जाता है तालाब

संवाददाता, हरदोई



आवास विकास कॉलोनी में सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गर्मियों में ही सरकार ने बरसात से पहले नाले-नालियों की सफाई के आदेश दिए थे, लेकिन आदेश अमल में नहीं आ सके। जिसके चलते अब हल्की बरसात में भी नगर तालाब का रूप ले लेता है। नगर के आवास विकास, सुभाष नगर, आजाद नगर, विभूति नगर, सराय थोक पश्चिमी, गिप्सजनगंज, नुमाइश पुरवा सहित नगर के अधिकांश जगहों पर जलभराव हो जाता है।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने नगर में जलभराव रोकने के लिए मीडिया कर्मियों से सुझाव मांगे थे, जिसमें उन्हें नगर के अधिकांश तालाबों पर कब्जा कर पाट दिए जाने के बात उठाई गई थी, जिस पर उन्होंने शीघ्र ही इसका निदान कराने की योजना बनाने की बात कही है। फिलहाल पहली ही बरसात में नगर पालिका के जिम्मेदारों की पोल खुलती नजर आ रही है। नुमाइश पुरवा में लोगों के घरों तक में पानी भर जाता है। बरसात में सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों और बच्चों को गुजरती है। नुमाइशपुरवा व सुभाष नगर का तमाम हिस्सा जलभराव से प्रसिद्ध रहता है। रविवार को सुबह से ही बादलों की आवाजाही लगी रही। देर शाम बूंदाबांदी शुरू हुई। कुछ समय तक जमकर पानी बरसा। प्रभारी मौसम वेधशाला के अनुसार रविवार को 31 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### इस्लामी तारीख में हर दिन होती थी शहादत : फैय्याज़

**हरदोई, पिहानी, अमृत विचार।** अंजुमन खुद्दाम-ए-सहाबा पिहानी के 16 रोज़ा जलसे के दूसरे दिन मस्जिद सैय्यदना फारूक-ए-आज़म में बाराबंकी से आए मौलाना फैय्याज़ कासिमी ने कहा कि यूं तो इस्लाम की तारीख के अंदर कोई दिन,कोई हफ्ता, कोई महीना और कोई साल ऐसा नहीं गुजरा जिस दिन किसी की शहादत न हुई हो,लेकिन इस्लाम की तारीख के अंदर एक ऐसा शहीद है जिसको हुजूर ने शहीदों के सरदार का लक़ब (उपनाम) दिया,आप ने ऐलान किया कि क़यामत के दिन तमाम शहीदों के नज़दीक हजरत अमीर हमजा शहीदों के सरदार होंगे। जलसे की सदारत (अध्यक्षता) मौलाना रुहुल्ला बिहारी और निज़ामत (संचालन) हाफ़िज़ अतीक ने किया।

## संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

संवाददाता, हरदोई



बैठक की अध्यक्षता करते पूर्व विधायक गंगा सिंह चौहान।

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद की बैठक आवास विकास कालोनी में संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गंगा सिंह चौहान के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि श्री चौहान ने सभी से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु हर महीने में जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर बैठक आयोजित करने को कहा, राजवर्धन सिंह राजू ने श्री चौहान की बात का समर्थन करते हुए युवाओं को सनातन धर्म के पथ पर चलते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया, ममता ने महिलाओं को हर कदम पर अपने सहयोग देने पर बल दिया। कार्य कारी जिला अध्यक्ष राहुल सिंह फौजी ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर शैक्षिक दृष्टि से अपने को मजबूत बनाने की बात कही। देश की रक्षा में तत्पर रहने वाले सैनिकों को नमन करते हुए बैठक में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया है। प्रदेश कमेटी से रीता सिंह महिला उपाध्यक्ष ने अपनी बात कही। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, कार्यकारी जिला अध्यक्ष राहुल सिंह फौजी, कप्तान राजेंद्र सिंह, अजय कुमार सिंह भारतीय किसान यूनियन भारत लखनऊ मंडल अध्यक्ष, मुन्ना सिंह मदारा, मानवेंद्र प्रताप सिंह, राजन सिंह, धीरज सिंह, लव कुमार सिंह सहित अनेक क्षत्रिय मौजूद रहे।

## एक नजर

### कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो घायल

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग पर शनिवार रात एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में आनंद नगर निवासी गौरव सेठ और उनका साथी राहुल गुप्ता शामिल हैं। गौरव और राहुल ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह शनिवार रात बाइक से शुक्लागंज से उन्नाव की ओर जा रहे थे। फोरलेन पर पीछे से तेज रफ्तार में आई कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। गौरव के अनुसार, हादसा करने वाली कार बांगरमऊ एसडीएम के चालक की बताई जा रही है। घटना के बाद दोनों को पास के अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**सफीपुर, उन्नाव :** कोतवाली क्षेत्र के सराय सकहन गांव में तीन माह पूर्व हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव निवासी काशी प्रसाद ने 16 मार्च को अपने पुत्र सोनू पर गांव के ही मनीष, वेदराज और मंगल द्वारा लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। रविवार को दरोगा अनिल त्रिपाठी ने सिपाहियों के साथ दबिश देकर आरोपी वेदराज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया है।

### कटरी में दो पक्षों में हुई मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत सोलह बीघा कटरी में रविवार दोपहर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला किया गया। विवाद की सूचना पाकर आस-पास के लोगों ने तत्काल जाजमऊ चौकी पुलिस को सूचित किया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही मारपीट करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। चौकी इंचार्ज विनय यादव ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद की जानकारी मिली है। फिलहाल किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। मामले की जांच की जा रही है, आगे की कार्रवाई तहरीर मिलने पर की जाएगी।

# झमाझम बारिश से गली-मोहल्लों में भरा पानी

**भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत, मोहल्लों में जलनिकासी की व्यवस्था पूरी तरह हुई फेल**

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


बारिश बंद होने के बाद भी पोनी रोड मुख्य मार्ग पर भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रविवार को रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं नगर के कई इलाकों में भारी जलभराव की स्थिति बन गई। सुबह से शुरू हुई रिमझिम बारिश ने दोपहर तक हुई। जिसके बाद शाम को झमाझम रूप ले लिया, जिससे राजधानी मार्ग समेत नगर के अधिकांश मोहल्लों में नालों का पानी सड़कों और लोगों के घरों में भर गया।

बारिश के कारण पालिका क्षेत्र के मोहल्लों में जलनिकासी की व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गई। शाम को तेज बारिश के बाद सर्वोदयनगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर और गांधी नगर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों की गलियां पूरी तरह जलमग्न हो गईं। कई जगहों पर सीवर का गंदा पानी घरों के अंदर तक घुस गया। स्थानीय निवासी बाल्टी और मग से पानी निकालते नजर आए। फोरलेन मार्ग पर बना ऊंचा नाला भी परेशानी का कारण बना, जिससे पॉश इलाकों की गलियों में पानी भर गया और वाहन रुक गए। पोनी रोड, नेहरू नगर, साकेत पुरी और अंबिकापुरम में भी जलनिकासी न होने के कारण देर रात तक जलभराव बना रहा। इससे दुपहिया और चौपहिया वाहनों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण इलाकों में भी हालात कम नहीं रहे। पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रम्ह नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा और राम नगर में गलियों में घुटनों तक पानी भर गया। निचले इलाकों के लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। बारिश थमने के बाद भी जगह-जगह पानी जमा रहा, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है ताकि आने वाले दिनों में बारिश से इस तरह की समस्या न हो।

## बॉक्स में खराबी से गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग एक घंटे रही बंद

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


स्लाइडिंग गेट लगाकर रोका गया गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग का यातायात। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रविवार को कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर स्थित गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग पर तकनीकी खराबी के चलते यातायात करीब एक घंटे तक प्रभावित रहा। क्रॉसिंग के बॉक्स में खराबी आने के कारण गेटबूम नहीं खुल सका, जिससे मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं काफी देर तक जाम की स्थिती बने रहने से गर्मी में लोगों को काफी परेशानी हुई।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11:30 बजे गेटमैन डाउन लाइन की ओर का गेट खोल रहा था, तभी क्रासिंग के कंट्रोल बॉक्स में तकनीकी गड़बड़ी आ गई और गेटबूम अटक गया। स्थिति को देखते हुए गेटमैन ने तत्काल एसएनटी विभाग को सूचना दी। विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू किया।

**गेटबूम नहीं खुलने से मार्ग पर लगी वाहनों की लंबी कतार**

मरम्मत के दौरान यातायात को पूरी तरह रोकने के लिए स्लाइडिंग गेट लगाया गया। रेलवे कर्मियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बॉक्स की खराबी को दूर किया और गेटबूम को सुचारू रूप से चालू किया। इसके बाद स्लाइडिंग गेट हटाकर यातायात सामान्य किया गया।

**डाउन लाइन पर लगा 15 का कॉसन, दिनभर धीमी गति से चलीं ट्रेनें, शुक्लागंज (उन्नाव):** कानपुर-लखनऊ रेल रूट स्थित छमकनाली 109 नंबर पुलिया पर हाल ही में रेलवे द्वारा स्ट्रक्चर शिफ्टिंग का कार्य किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से रेलवे प्रशासन ने डाउन लाइन पर 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार का कॉसन लगा दिया है। इसके चलते रविवार को पूरे दिन इस रूट पर गुजरने वाली ट्रेनें धीमी गति से चलीं और गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर रुक-रुक कर रवाना की गईं।

जानकारी के अनुसार, रेलवे द्वारा छमकनाली 109 पुलिया के स्ट्रक्चर को बदलने और शिफ्ट करने का कार्य कुछ दिन पूर्व ही पूरा किया गया था। नई संरचना की मजबूती और ट्रैक की स्थिरता की जांच के उद्देश्य से डाउन लाइन पर 15 का कॉसन लगाया गया है, जिससे गाड़ियों को इस स्थान से बेहद धीमी गति से गुजरना पड़ा। कॉसन के चलते ट्रेनें अपने निर्धारित समय से मगरवारा स्टेशन तक नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर उन्हें अस्थायी रूप से रोका गया। जब आगे का ट्रैक खाली हुआ और ट्रेन मगरवारा स्टेशन के आगे पहुंच सकी, तभी उन्हें गंगाघाट से रवाना किया गया। इस तकनीकी प्रक्रिया के चलते यात्रियों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ा, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक कदम था।

### पटरी की मरम्मत के लिए डेढ़ घंटे रहा ब्लॉक

**शुक्लागंज (उन्नाव):** लखनऊ-कानपुर रेल रूट की अप लाइन पर रविवार को रेल पटरी की मरम्मत का कार्य किया गया। इसके लिए रेलवे द्वारा सुबह 10:10 बजे से 11:40 बजे तक डेढ़ घंटे का ब्लॉक लिया गया, जिससे अप लाइन पर रेल संचालन प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार, ऋषि नगर केबिन से लेकर रेलवे पुल के बीच अप लाइन पर कई स्थानों पर पटरियों में खराबी की शिकायत मिली थी। रेल कर्मियों द्वारा बीते दिनों इन स्थानों को चिन्हित कर मरम्मत की योजना तैयार की गई थी। तय समय पर जैसे ही ब्लॉक स्वीकृत हुआ, रेलवे तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंचकर तुरंत मरम्मत कार्य शुरू किया। मरम्मत के दौरान रेलवे ट्रैक को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। निर्धारित समय में मरम्मत कार्य पूरा कर ब्लॉक समाप्त होते ही ट्रेनों का संचालन सामान्य कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाई गई भगवान जगन्नाथ जी की छठी

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को राजधानी मार्ग स्थित आवा कान्टीनेंटल में भगवान जगन्नाथ जी की छठी का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के लोगों ने भगवान जगन्नाथ जी की आरती उतार कर उन्हें भोग लगाया गया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद चखा। श्री जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से शुक्लागंज में जगन्नाथ यात्रा निकाली गई थी। जिसके बाद रविवार को राजधानी मार्ग स्थित रूद्र नगर स्थित आवा कान्टीनेंटल में भगवान की विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद उन्हें भोग लगाया गया। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जहां आने जाने वालों के अलावा अन्य लोगों ने प्रसाद चखा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला, कमल वर्मा, श्रीकांत पांडे, अंकुर शुक्ला, केडी त्रिवेदी, प्रमोद त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, अनूप साहू, अवनीश शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, अवनीश शुक्ला, डॉ तारकेश्वर पांडेय, संजय तिवारी, विकास मिश्रा, विनय तिवारी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### मोहर्रम व श्रावण मास को लेकर सफाई के लिए सौंपा पत्र

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** आगामी मोहर्रम और श्रावण मास के धार्मिक आयोजनों को देखते हुए नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर आधा दर्जन प्रमुख लोगों ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से नगर के प्रमुख मार्गों और धार्मिक स्थलों तक पहुंचने वाले रास्तों को स्वच्छ और गड्ढा मुक्त बनाने की अपील की गई है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा सद्धू, मनीष त्रिपाठी और श्यामलाल मुनीम सहित अन्य लोगों द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मोहर्रम माह प्रारंभ हो चुका है और श्रावण मास भी आने वाला है। इन अवसरों पर दोनों समुदायों के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, ऐसे में नगर की स्वच्छता अत्यंत जरूरी है। पत्र में आग्रह किया गया है कि शिव मंदिरों और इमामबाड़ों को जाने वाले मार्गों को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्त किया जाए और नालों से निकली सिल्ट हटवाकर सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

### पीएचसी स्वास्थ्य मेले में 84 मरीजों का हुआ परीक्षण

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** राजधानी मार्ग स्थित रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने 84 मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। इसके अलावा डॉ. अक्षय, डॉ. अर्चना, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ अवस्थी, अमित कुशवाहा, अभिषेक अवस्थी समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** कृष्ण वेलफेयर हेल्थ सेंटर द्वारा एक्यूप्रेशर विधि पर आधारित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए। शिविर में रोगियों को हाथों और पैरों की नसों के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी दी गई। इसके बाद विशेष मशीन पर खड़ा कर उन्हें मसाज थैरेपी दी गई। संस्था की डॉ. रेखा कुशवाहा ने बताया कि वर्तमान समय में अधिकांश स्वास्थ्य समस्याएं दूषित पानी के सेवन से हो रही हैं। उन्होंने लोगों को पानी को उबालकर ठंडा कर पीने की सलाह दी। कार्यक्रम में बृम्हशंकर शास्त्री, शरद कक्कड़, गौरव, ओमकांत शर्मा, नीलम रावत, आदित्य दीक्षित सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### लोधी बौद्धिक संगठन का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोधी बौद्धिक संगठन, उन्नाव द्वारा रविवार को नंदनवन पार्क में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोधी समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों को सराहा गया। कार्यक्रम में अर्चना वर्मा (जेआरएफ-नेट), स्वास्तिका सिंह व विशेष लोधी (नीट-यूजी), पीयूष लोधी, गार्गी राजपूत समेत कुल 350 छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एन.बी.एस. राजपूत ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में पूरन सिंह, हर्षित राजपूत, दिग्विजय सिंह, अमर सिंह, सुनीता सिंह राजपूत, यादराम सिंह, महिपाल लोधी समेत कई विशिष्टजनों ने भी छात्रों को प्रेरित किया। संचालन कृति लोधी और राम नरेश लोधी ने किया। कार्यक्रम प्रभारी डा. जय नारायण वर्मा, जिला संरक्षक उदयभान सिंह, अध्यक्ष बृजेश कुमार वर्मा, महामंत्री आकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष रामवीर लोधी सहित पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही। कार्यक्रम में लगभग 1000 छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर डॉ. सुधीर कुमार लोधी, शिवबरन वर्मा, कमलेश राजपूत, सोनू वर्मा, अनुज वर्मा, अजय राजपूत, शिवकुमार लोधी एडवोकेट सहित समाज के दर्जनों सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## बेसिक शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


नए पदाधिकारियों का माला पहनाकर हुआ स्वागत। अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का वार्षिक सम्मेलन रविवार को रॉयल होटल, विधायक निवास में संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय ने की। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए जिलाध्यक्ष, जिलामंत्री एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संगठन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

सम्मेलन में नन्द प्रकाश यादव, महेन्द्र सिंह गौर एवं चूड़ामणि त्रिपाठी को प्रदेश संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। वहीं अशोक पाल को संगठन का प्रदेश महामंत्री, फिरोजाबाद के डॉ. सहदेव सिंह चौहान को प्रदेश कोषाध्यक्ष, गोंडा के सुशील सिंह पारस और कानपुर देहात के अवधेश सविता को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही बस्ती जनपद के ज्ञानेन्द्र भारती व फतेहपुर के कुंवर सिंह को प्रदेश संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। शेष कार्यकारिणी पूर्ववत बनी रहेगी, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में स्वीकृति दी।

**सीनियर बेसिक शिक्षक संघ का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न**

सम्मेलन में मौजूद सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन के हितों की रक्षा हेतु पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे प्रदेश के शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं को शासन स्तर पर उठाकर शीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जनपदीय संगठन के पदाधिकारी व प्रतिनिधि रहे।

### विवाद में महिला व बेटों की पिटाई चार पर केस दर्ज

**सफीपुर, उन्नावः** कस्बे के मोहल्ला सराय सूबेदार पश्चिमी में शनिवार को कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने एक महिला और उसके दो बेटों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी।

शिवसागर की पत्नी द्रोपदी ने बताया कि पड़ोसी प्रेमनारायण के पुत्र मोनू और जीतू ने उनके घर के सामने कार खड़ी कर दी। रास्ता सकरा होने की बात कहकर जब उन्होंने कार हटाने को कहा, तो गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बचाव में पहुंचे बेटे सौरभ और सर्वेश को प्रेमनारायण और उसकी बेटी मोहिनी ने भी पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**आयोजन** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर लोगों ने किया पौधरोपण

## 'मन की बात' कार्यक्रम के साथ दी गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


बलिदान दिवस पर पौधरोपण करते भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा उन्नाव द्वारा जिले के सभी बूथों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सजीव प्रसारण सुना। कार्यक्रम के उपरांत बूथों पर पौधरोपण कर वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी के साथ नवाबगंज मंडल के बूथ संख्या 400 गोरिंदा में श्रद्धांजलि अर्पित कर 'मन की बात' सुनी और पौधरोपण किया। विधायक पंकज गुप्ता ने मंडल अध्यक्ष मसवासी सुशील रावत व बूथ अध्यक्ष के साथ मंडल मसवासी के ग्राम शेखपुर नरी स्थित बूथ संख्या 294 पर कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान अनुज शर्मा, आशुतोष निगम, प्रधान प्रतिनिधि विनय यादव, आशीष राजपूत, वैभव मिश्रा, गुड्डू मिश्रा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक श्रीकांत कटियार ने बूथ संख्या 133, ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में कार्यकर्ताओं संग कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और अमर शहीद कैलाश कुमार यादव की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाधि स्थल पर 'मां के नाम' एक पौधा लगाया। विधायक आशुतोष शुक्ला ने बूथ संख्या 37, कोरारी कलां में बूथ अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं संग श्रद्धांजलि देकर मन की बात सुनी व पौधरोपण किया।

वहीं विधायक बृजेश कुमार रावत ने हसनगंज मंडल के बूथ संख्या 181, मौला बांकीपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम व वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर शक्तिकेंद्र संयोजक अजय शुक्ला, अरुण दीक्षित, रघुनाथ, बूथ अध्यक्ष अमर सिंह मौला, प्रधान शशिकांत, अजगैन प्रधान रेशू तिवारी, नारायणपुर प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व संयोजक अमित तिवारी, अतुल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

स्थापित- 2005
शिक्षार्थ आइये......
नं. 1 संस्थान
सेवार्थ जाइये......
सम्बद्ध- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्व विद्यालय, कानपुर
शिव शंकर सिंह शिवराम सिंह
Admission Open
पी.जी. कॉलेज
Admission Open
बिरसिंहपुर-उन्नाव
B.A. सभी विषय
B.Sc. सभी विषय
M.A. हिन्दी अंग्रेजी समाज शिक्षा शास्त्र
M.Sc. जन्तु विज्ञान, गणित भौतिक विज्ञान
B.Ed.
किसी प्रकार की जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :
प्राचार्य जी 8795183773
रावेन्द्र सिंह 8808496920
जगन सर 9838373095
टी.एन.सर 9956612173

प्रेम चन्द्र सिंह
फिल्म निर्माता एवं प्रबन्धक
चन्द्रशेखर आजाद इण्टरमीडिएट साइंस कालेज, बिरसिंहपुर, उन्नाव
PREM SINGH COLLEGE OF PHARMACY
Murtjza Nagar, Near Dahi Chauki, Unnao

